



पाक्षिक
SINCE 1998
# टेक्सटाइल वर्ल्ड
Postal Registration No : BHILWARA/208/2024-2026 Posting on 09-02-2025 at Rail Mail Service, Bhilwara
वर्ष-27 अंक-16 भीलवाड़ा/ 07 फरवरी 2025 कुल पृष्ठ- 54 मूल्य : 25 रुपए 1


























# टेक्सटाइल, गारमेंट उद्योग द्वारा स्वागत

UNION BUDGET 2025-26

## आवंटन में भारी वृद्धि - कॉटन उत्पादन पर विशेष ध्यान

## निर्यात में वृद्धि की संभावना के साथ रोजगार के अवसर बढ़ाने में सहायक

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में पेश किए गए 2025-26 के आम बजट का टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योग द्वारा स्वागत किया जा रहा है और इससे निर्यात में गति के साथ ही उद्योग का विकास होगा तथा रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बजट में न केवल टेक्सटाइल क्षेत्र के लिए अधिक आवंटन किया गया है अपितु कॉटन उत्पादन में वृद्धि, निर्यात को प्रोत्साहन, आयात पर अंकुश, एमएसएमई के लिए बेहतर क्रेडिट सुविधा के प्रस्ताव हैं जो उद्योगों के लिए लाभकारी होने के साथ ही निर्यात को बढ़ावा देंगे और रोजगार के अवसर पैदा करेंगे। वित्त मंत्री ने टेक्सटाइल सेक्टर के लिए बजट 2025-26 में 5,252 करोड़ रूपए का आवंटन किया है जबकि चालू वर्ष के लिए यह राशि केवल 3,342 करोड़ रूपए है। इसमें से केवल उत्पादन आधारित प्रोत्साहन यानि पीएलआई के लिए 1,148 करोड़ रूपए का आवंटन किया गया है।

एईपीसी के अध्यक्ष श्री सुधीर सेखरी का कहना है कि वर्ष 2025-26 का बजट समावेशी, दूरदर्शी और संतुलित है जो बजट निर्यात-आधारित विकास की कपड़ा और परिधान निर्यात उद्योग में रोजगार सृजन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसका उद्देश्य मजबूत निर्यात वृद्धि की नींव तैयार करना है। उनके अनुसार बजट प्रस्ताव गारमेंट उद्योग को 5 एफ (फार्म टू फाइबर टू फैक्ट्री टू फैशन टू फॉरेन) की नीति का पालन करते हुए प्रधानमंत्री द्वारा संचालित मेक इन इंडिया, मेक फोर द वर्ल्ड पहल को बढ़ावा देकर परिधान क्षेत्र को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने में मदद करेंगे।

श्री सेखरी के अनुसार एमएसएमई वित्त पोषण में आसानी, किसानों को अतिरिक्त लंबे रेशे वाली कपास की किस्मों के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन, रोजगार को बढ़ावा देने के लिए व्यापक आधार वाले कौशल कार्यक्रम, नियामक सुधार और स्टार्ट-अप के समर्थन से विकास में तेजी आएगी। उल्लेखनीय है कि एमएसएमई सेक्टर का देश के कुल गारमेंट निर्यात में लगभग 80 प्रतिशत का योगदान है।




### निर्यात प्रोत्साहन मिशन

एईपीसी के महासचिव श्री मिथिलेश्वर ठाकुर ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि बजट में निर्यात प्रोत्साहन मिशन की स्थापना, निर्यात दस्तावेजीकरण के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म भारत ट्रेडनेट और एमएसएमई की क्रेडिट गारंटी कवर को बढ़ाना तथा कौशल आदि के लिए उत्कृष्टता केंद्रों की स्थापना का प्रस्ताव भारत के विनिर्माण और निर्यात विकास की गति को बढ़ाएंगे। उनका कहना है कि बजट सहायक नीतिगत सुधारों के माध्यम से निवेश और विकास को बढ़ावा देगा।

### मशीनरी आयात

वित्त मंत्री ने टेक्सटाइल मशीनरी के निर्माण में कुछ चुनिंदा मशीनरी पार्ट के आयात पर कुछ शर्तों के साथ रियायती बेसिक कस्टम ड्यूटी की अवधि को बढ़ाकर 31 मार्च 2027 तक कर दिया है, जो 31 मार्च 2025 को समाप्त हो रही थी। साथ ही वित्त मंत्री ने एग्रो टेक्सटाइल्स, मेडिकल टेक्सटाइल्स और जियो टेक्सटाइल्स के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए शटल लेस लूमों के आयात को पूरी तरह आयात ड्यूटी से मुक्त कर दिया है।

### सकारात्मक असर

आईसीसी नेशनल टेक्सटाइल कमेटी के चैयरमेन व टीटी लिमिटेड के एमडी श्री संजय जैन का कहना है कि 2025-26 के बजट का देश के टेक्सटाइल और गारमेंट उद्योग पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। वित्त मंत्री द्वारा 12 लाख रूपए तक की आयकर मुक्त किए जाने से मध्यम वर्ग के उपभोक्त । के हाथ में अधिक पैसे आने का अर्थ है कि वह गारमेंट और होम टेक्सटाइल पर अधिक खर्च करेगा। श्री जैन का कहना है कि एमएसएमई सेक्टर में महिला उद्यमियों की अधिकता है और इस सेक्टर को बजट की योजनाओं का लाभ भी मिलेगा। उनका कहना है कि विभिन्न एचएस कोड के निटेड फैब्रिक के आयात पर जिसका मूल्य 575 रूपए प्रति किलो से कम है पर 20 प्रतिशत या 115 रुपए प्रति किलो की दर से समान आयात ड्यूटी लगाने से इस प्रकार के फैब्रिक का कम बिल बनवाकर आयात रोकेगा और इसका लाभ एमएमएफ पर आधारित घरेलू उद्योग को मिलेगा।

श्री जैन के अनुसार देश से कॉटन की प्रति हेक्टर उपज व क्वालिटी में सुधार के लिए बजट में 5 वर्ष के लिए कॉटन मिशन का प्रस्ताव है, जो घरेलू बाजार में क्वालिटी कॉटन उपलब्धता बढ़ाएगा और आयात को रोकेगा। उल्लेखनीय है कि देश में अतिरिक्त लम्बे रेशे की कॉटन का उत्पादन सीमित है और मांग को पूरा करने के लिए आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। इसके अतिरिक्त देश में कॉटन औसत प्रति हेक्टेयर उपज केवल 450 किलो प्रति हेक्टेयर है जबकि विश्व की औसत उपज 800 किलो प्रति हेक्टेयर हैं।

### पुरानी मांग पूरी

कांफेडरेशन और इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री ने 2025-26 के बजट का स्वागत करते हुए कहा है कि वित्त मंत्री ने मिशन फोर कॉटन प्रॉडक्टिविटी की स्थापना की घोषणा करके उद्योग की वर्षों पुरानी मांग को पूरा कर दिया है। सिटी के चैयरमेन श्री राकेश मेहरा का कहना है कि इससे देश में कॉटन की उत्पादकता एवं उत्पादन में स्थिरता आएगी और अतिरिक्त लंबे रेशे की कॉटन के उत्पादन में वृद्धि होगी। उनका कहना है कि इससे कॉटन की उत्पादकता में आ रही गिरावट की चिंता के दूर होने के साथ ही ईएलएस जैसी कॉटन का देश में उत्पादन बढ़ाकर आयात पर निर्भरता कम होगी।

शेषांश पृष्ठ 8 पर...
























# मार्केट में फरवरी तक गरम कपड़ों का स्टॉक

**माधवनगर/ सत्यनारायण पलोड़**

कपड़ा मार्केट में अभी ग्राहकी जमकर चल रही है। सर्दी का असर फरवरी अंत तक चलने का अनुमान है। कहीं-कहीं बरसात होने से ठंड का असर तेज हुआ है, जिसके चलते गरम आयटमों की मांग फरवरी अंत तक चल सकती है। जिससे गरम आयटमों का स्टॉक काफी हद तक हल्का होने की उम्मीद है और फिर आगे पूरा लग्नसराय का सीजन मार्केट में चहल-पहल भरा रहने की आशा है।

विगत दिनों ग्रे कपड़ों में तेजी का असर भी देखने को मिल रहा है। बजट के बाद मार्केट नरम-गरम भी हो सकता है। बहरहाल, कुछ भी हो सीजन बढ़िया चलने की चर्चा मार्केट में सुनने को मिल रही है। कुछ बड़ी कम्पनियां बड़े-बड़े कॉन्फ्रेंस करके बिक्री जुटा रहे हैं और कहीं-कहीं होलसेलर भी अपने-अपने रिटेल व होलसेल व्यापारियों को बुलाकर कॉन्फ्रेंस करके बिक्री जुटाने में व्यस्त है। सभी का टारगेट एक ही है कैसे भी हो, जितनी बिक्री खींच सको उतना खींचो। रेडीमेड परिधान में भी अच्छा उठाव देखने को मिल रहा है। पोपलीन व रूबिया में भी पूछ-परख होने लगी है।

# जीएसटी पेंडिंग समाधान पर विभिन्न संगठनों की हुई बैठक

**मुजफ्फरनगर/ अजयकुमार सिंघल**



संयुक्त कमिश्नर जीएसटी कार्यपालक मुजफ्फरनगर द्वारा एसडी मार्केट में जीएसटी खण्डों के अधिकारी एवं व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की एक बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में संयुक्त कमिश्नर जीएसटी श्रीमती सांत्वना मैडम ने बताया कि शासन द्वारा वर्ष 2017-18 से 2019-20 तक के जो केसेस जीएसटी के पेंडिंग है उन पर समाधान योजना दी गई है, जिसमें आरोपित कर जमा करने पर पेनल्टी तथा ब्याज छोड़ दिया जाएगा। आरोपित कर जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च, 2025 नियत की गई है। संयुक्त कमिश्नर ने यह भी बताया कि जो व्यापारी निर्धारित 40 लाख से अधिक सेल कर रहे हैं, उन्हें अपना रजिस्ट्रेशन जीएसटी में अवश्य ही कर लेना चाहिए।

उत्तरप्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष श्री अजय कुमार सिंघल ने कहा कि छोटी-मोटी गलतियों पर व्यापारियों का उत्पीड़न न किया जाए। व्यापारी सरकार के लिए ही राजस्व एकत्र करता है, जिसके लिए कोई वेतन कमीशन अथवा पेंशन उसे नहीं मिलती है और अपने परिवार तथा अपने कर्मचारियों के परिवार का भरण- पोषण करता है। आज काफी मात्रा में व्यापारी फेल हो गए हैं, जो हॉलसेलर्स या मिलों का पेमेंट नहीं दे पा रहे हैं। व्यापारियों ने यह भी बात रखी कि कुछ व्यापारियों का पैसा अपने ग्राहकों पर मर रहा है तथा उसको निकलवाने के लिए जीएसटी विभाग को कदम उठाने चाहिए।

बैठक में संयुक्त कमिश्नर व्यापार कर तथा सभी टेक्स के अधिकारी एवं व्यापार मंडल से श्री अजय कुमार सिंघल, श्री सुलखान सिंह नामधारी, श्री योगेश सिंघल, श्री अनिल नामदेव, श्री राकेश कंसल, श्री संजीव गोयल, श्री विजय तागरा, श्री ज्ञानचन्द, श्री ओमप्रकाश धीमन, श्री नरेश धीमान, श्री विष्णु अनेजा एडवोकेट आदि की उपसिथति रहीं।

# व्यापारियों द्वारा सीमित खरीददारी

**कोयंबटूर/ सुनिल कोठारी**

दिसंबर के बाद जनवरी भी काफी हद तक छुट्टियों में ही निकल गया। इस बार पोंगल की छुट्टियां सोमवार से शुक्रवार तक थी जो लगभग 10 दिनों की लंबी खिंच गई। मार्केट में हलचल न के बराबर थी तथा फण्ड की टाइटनेस हद से ज्यादा है और MSME के कारण व्यापारी खुलकर खरीददारी नहीं कर रहे हैं। आगे जो भी मार्केट में हलचल आनी है वह फरवरी के आखिरी दिनों में शुरू होने की उम्मीद है। अब व्यापारियों का पूरा जोर स्कूल सीजन पर रहेगा, जो मार्केट में गिने-चुने व्यापारियों के हाथ में है। बाकी मार्केट मंदी की मार झेल रहा है जो कब खत्म होगा, इसके बारे में अभी संशय है।

# सूटिंग-शर्टिंग में ब्राण्डेड क्वालिटियों की मांग

**ब्यावर/ अनिल डोसी...** अभी शादी-ब्याह का सीजन चल रहा है और मार्केट में फैंसी बेस, टेरीरूबिया, रेडीमेड ब्लाउज पीस, वूली प्लेन व प्रिंट, इण्डो प्लेन, सलवार सूट, ड्रेस मटीरियल, बीकानेरी कॉटन ओरना, कुचेरा, जोधपुर के राजपूती सूट, ओरना आदि क्वालिटियां अच्छी चल रही है। सूटिंग-शर्टिंग में ब्राण्डेड क्वालिटियों के साथ ग्रे मार्केट में भी तेजी बनी हुई है। भारत सरकार के बजट में मध्यम वर्ग का विशेष ध्यान रखा गया है। पेमेंट की आवक ठीक है।















# सिंथेटिक ग्रे-क्लॉथ में तेजी से बाजार हुआ गरम

**बालोतरा/ लालचन्द पुनीत**

विद्यमान परिस्थितियों के परिपेक्ष में औद्योगिक एवं व्यावसायिक परिदृश्य पूर्णतः बदल गया है। बाजार की तेजी पर आवरण-सा छा गया है। ग्रे-क्लॉथ में तेजी के दौरान सौदों का अच्छा जमघट स्पष्ट नजर आता, मगर वर्तमान में सौदे हो नहीं पा रहे हैं। सिंथेटिस ग्रे में तेजी का रूख बना हुआ है। पोपलीन, नाइटी क्लाथ, पेटीकोट, रूबिया, साड़ीफॉल, सूटिंग-शर्टिंग का काम सुस्ती के आगोश में समाया हुआ है। विशिष्ट नामचीन उत्पादक पुराने ऑफरों का माल चालान करने में दिलचस्पी ले रहे हैं, मगर वे भी मौसम की प्रतिकूलता के कारण अपने मकसद में सफल नहीं हो पा रहे हैं। साख सम्पन्न प्रतिष्ठान अपने माल की गुणवत्ता के कारण अवश्य आंशिक रूप से माल की चालानी कर पा रहे हैं। नया बजट क्या रूप लेकर आएगा, इस संबंध में कयास लगाए जा रहे हैं। कुछ का कहना है कि वैसे भी व्यापारी कागजों के बोझ से त्रस्त है और नया बजट इसमें बढ़ोतरी कर दे तो कोई नई बात नहीं होगी। दूसरी ओर नये बजट के पक्षधर उद्यमियों का कहना है कि उसमें कई सुविधाजनक तथ्य जुड़कर कागजों की बोझिल प्रणाली से छुटकारा मिलने की उम्मीद है। बजट सरलता और सुविधा का प्रयाय बने इसकी अपेक्षा उद्यमियों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को है।

रकम की आवक कमजोर बनी रहने से उद्यमियों के समक्ष कई परेशानियां है। शेयर बाजार की चिंताजनक स्थिति से उद्यम जगत भी प्रभावित है। प्रायः सभी उद्यमियों के पैसे शेयर बाजार में लगे हुए है। इस प्रकार शेयर में लगाया पैसा जाम-सा हो गया है। ईश्वर की कृपा से सीजन चल भी गया तो बहुत थोड़े समय तक ही काम हो सकेगा। होली के त्योहार पर यहाँ 15-20 दिनों से भी अधिक समय तक अवकाश की स्थिति रहती है। वैसे यहाँ के उत्पादक इस परिस्थिति से वाकिफ है और अपने हौंसले और हिम्मत के बल पर अपने उद्योगों को चलाने में तनिक भी हिचक नहीं रखते। कुछ उद्यमी जो स्थानीय उत्पादों से हटकर नया उत्पाद बनाने में लगे हैं उनके पास इस समय भी अच्छे ऑफर पेंडिंग बताए जा रहे हैं। निकटवर्ती जसोल धरा पर भव्य प्रतिष्ठा एवं अंजनश्लाका के कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा है, जिसके लिए सारा नगर विशेष रूप से सजाया जा रहा है।




# अक्षत टेक्सटाइल एम. एम. ट्रेडर्स वाराणसी




**वाराणसी/ अनुराग उपाध्याय**

बनारस के प्रतिष्ठित व्यापारी अक्षत टेक्सटाइल के मुख्य प्रतिनिधि श्री अक्षत कपूर का मोहन सराय जी. टी. रोड़ , वाराणसी में नयी दुकान का शुभारंभ 25 दिसंबर, 2024 को किया है, जिसमें सूरत, जयपुर, कोलकाता, वाराणसी, बालोतरा, पाली और इचलकरंजी धोती का माल होलसेल में बेचते हैं। इन्होंने बताया कि हमारी एम. एम. ट्रेडर्स नाम से एक फर्म और है, जो वाराणसी सिल्क की सभी रेंज का निर्माता है। यह फर्म बहुत पुराना है, जो हमारे पिता जी के समय से चला आ रहा है।

**पता – अनुराग उपाध्याय C/O श्री अजय मिश्रा
C 23/78, A, पिपलानी कटरा कबीर चौरा,
लोढ़ेनाथ मंदिर के पास, वाराणसी – 221001**

# राष्ट्रीय तांत्रिक अभियान से मिलेगा वस्त्रोद्योग को बढ़ावा

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

महाराष्ट्र के वस्त्रोद्योग में तंत्र ज्ञान का इस्तेमाल हो जाए और उसके आधार पर महाराष्ट्र तांत्रिक वस्त्रोद्योग में राष्ट्र का नेतृत्व करे, इसके लिए राज्य सरकार ने महाराष्ट्र तांत्रिक वस्त्रोद्योग अभियान शुरू करने का फैसला किया है। इसके तहत वस्त्रोद्योग के संशोधन के लिए 50 करोड़ रूपए की तरतूद की है।

देश के प्रमुख वस्त्रोद्योग केंद्र में महाराष्ट्र शामिल है, लेकिन देश के तांत्रिक वस्त्रोद्योग का विस्तार सिर्फ 5 से 10 फीसदी है, जबकि विकसित देशों की तुलना में यह बहुत कम है। तांत्रिक वस्त्रोद्योग क्षेत्र में देश को अग्रसर बनाने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय तांत्रिक अभियान और उत्पाद योजना जाहीर की है।

महाराष्ट्र तांत्रिक वस्त्रोद्योग देश में अव्वल हो, इसके लिए राज्य सरकार ने 17 जनवरी को शासन आदेश निकाला है। तांत्रिक वस्त्रोद्योग में प्रदत्त यंत्र सामग्री और तंत्र ज्ञान के इस्तेमाल के लिए कुशल मनुष्य बल विकसित किया जाएगा। इसके अमल के लिए अभियान सुकाणू और कार्यकारी समिति का गठन किया जाएगा। इस नीति के चलते वस्त्रोद्योग क्षेत्र सक्षम होने वाला है। साथ ही, अब जो कामगार यहाँ पर है, उनको प्रशिक्षण मिलने वाला है। जो निम्न है-

प्रमाण-पत्र अभ्यास क्रम तैयार करना, प्रशिक्षित मॉडल विकसित करना, शैक्षिक संस्था और उद्योग का सहयोग बढ़ाना, पायलेट प्रोजेक्ट शुरू करना, देश-विदेश का बाजार पेठ ढूँढ़ना, डीकेटीई आदि को शामिल कर राज्य सरकार ने इस अभियान के अमल के लिए कार्यकारी समिति का गठन किया है।




# पावरलूम कामगारों की मजदूरी में बढ़ोतरी

**कोल्हापुर/ राहुल खाड़े**

पावरलूम कामगारों की मजदूरी में बढ़ोतरी की गई है। सहायक कामगार आयुक्त ने इसके बारे में जाहीर किया कि वर्ष 2013 में हुए संयुक्त करार के अनुसार गए साल के महँगाई भत्ते में बढ़ोतरी का पीस रेट में बदलाव किया गया। उसके अनुसार यह बढ़ोतरी हो गई और उसका अमल एक जनवरी से होगा। कुछ दिनों पहले कामगार संगठनों, संयुक्त कृति समिति ने ज्ञापन देकर आंदोलन का इशारा दिया था। इस फैसले के चलते पावरलूम कामगारों की मजदूरी सप्ताह में 200 से 250 और माह में 900 से 1000 रूपए तक की बढ़ोतरी होगी, लेकिन गए चार सालों से पावरलूमधारक संगठनों ने मजदूरी बढ़ोतरी करने की सिफारिश की है, जिसका लाभ पावारलूमधारक मालिक और कामगारों को मिलेगा। साथ ही जॉबर, कांडीवाले और सफाई कामगारों को भी मजदूरी में हुई बढ़ोतरी का लाभ अप्रत्यक्ष मिलने वाला है। पावरलूम कामगारों ने कई बार आंदोलन करने के बाद वर्ष 2013 में संयुक्त करार किया गया। उसमें हुए फैसले के अनुसार अगले चार साल उस पर अमल किया गया, लेकिन पावरलूम उद्योग में अस्थिरता के बाद मालिकों ने मजदूरी में बढ़ोतरी नहीं देने का फैसला लिया था। ऐसे में हर साल सहायक कामगार आयुक्त कार्यालय की ओर से एक तरफ मजदूरी में बढ़ोतरी करने की घोषणा की जाती है, वहीं दूसरी तरफ मालिकों की ओर से उस पर अमल नहीं होता। ऐसे में इस साल भी हमेशा की तरह मजदूरी में बढ़ोतरी जाहीर की है। इसके बारे में मालिकों की ओर से किस तरह फैसला लिया जाएगा, इसकी ओर सभी का ध्यान है, वहीं कामगार संगठनों की भूमिका पर भी ध्यान दिया जा रहा है।




SUPPORTED BY
MINISTRY OF TEXTILES
Government of India
INSPIRED BY THE 5F VISION
FARM TO FIBRE TO FACTORY TO FASHION TO FOREIGN
"The poor, youth, farmers and women are the four pillars of making India a developed country; the textile sector is connected to each one of them."
NARENDRA MODI
Prime Minister
India's largest
Global textile event
returns
Bharat TEX 2025
TEXTILES | FASHION | SUSTAINABILITY
Global Textile Expo
MAIN EVENT
14-17 FEB
Bharat Mandapam New Delhi
All textile products exhibited here
CO-LOCATED EVENT
12-15 FEB
India Expo Centre & Mart, Greater Noida
All textile accessories exhibited here
5,000+ Exhibitors
6,000+ Buyers
1,20,000+ Visitors
2,20,000+ Sq. Metres Area
Register now!
bharat-tex.com
STATE PARTNERS
Uttar Pradesh
Madhya Pradesh
Tamil Nadu
Karnataka
Gujarat
Maharashtra
Organised By
BHARAT TEX TRADE FEDERATION
Follow us on: /Bharat_tex /bharat_tex/ /bharattex2025 /showcase/bharattex/ /@BharatTex

# टेक्सटाइल एवं गारमेंट इण्डस्ट्री के लिए बेस्ट सॉफ्टवेयर

# VRS SOFTWARE

## स्टॉक, प्रॉडक्शन, ऑर्डर एवं अकाउंट्स मैनेजमेंट के लिए उपयोगी



**श्री सुनील भिंवाल**

स्वयं एक सोफ्टवेयर इंजीनियर है। इन्होंने अपनी पढ़ाई MNIT, Jaipur (Rajasthan) से की है। इनका उद्देश्य टेक्सटाइल एण्ड गारमेंट इण्डस्ट्री को प्रोपर मैनेज करने वाला सोफ्वेयर बनाना था। इसके लिए इन्होंने अथक प्रयास किया और एक सोफ्वेयर बनाया, जिससे काफी हद तक लोगों को अपनी व्यवसाय को मैनेज करने में सुविधा मिली है।

मुम्बई/ टेक्सटाइल एवं गारमेंट इण्डस्ट्री के लिए VRS Software कम्पनी विगत 14 वर्षों से सॉफ्टवेयर प्रदान कर रही है। विगत 20 वर्षों से सोफ्टवेयर इण्डस्ट्री में कार्यरत सॉफ्टवेयर इंजीनियर श्री सुनील भिंवाल VRS Software के फाउंडर है। इन्होंने टेक्सटाइल एवं गारमेंट इण्डस्ट्रीज के संचालन के लिए जिन सॉफ्टवेयर की जरूरत होती है, उसके लिए श्री भिंवाल ने इस इण्डस्ट्री को गहनता से समझकर VRS Software कम्पनी की वर्ष 2012 में नींव रखी। तत्पश्चात् टेक्सटाइल एवं गारमेंट इण्डस्ट्री को सोफ्टवेयर प्रदान करने काम शुरू किया। श्री सुनील भिंवाल ने बताया कि हमारे सोफ्टवेयर से कम्पनी Costing, Cataloge एवं Price List सिंगल क्लिक पर अपने कस्टमर को भेज सकते हैं।

### टेक्सटाइल एवं गारमेंट सेक्टर के लिए बेहद उपयोगी

VRS Software के सोफ्टवेयर की बात करें तो यह टेक्सटाइल एवं गारमेंट ट्रेड से जुड़े मैन्युफेक्चरर्स के लिए स्टॉक, प्रॉडक्शन, ऑर्डर्स एवं अकाउंट्स मैनेजमेंट जैसे काम के लिए बेहद उपयोगी है। श्री भिंवाल ने बताया कि हमारा सोफ्टवेयर मैन्युफेक्चरर्स, होलसेलर्स, ट्रेडर्स, एक्सपोर्टर्स, रिटेलर्स सभी यूज कर सकते हैं।

**OUR ESTEEMED CLIENTS**

DONNZEL COLLEZIONI | DURATEX ...fashion unscripted | Ethco Prints | Klass Velvets Pvt Ltd. | SAVAYAVAS & CO. | IndoWeave | TIARA FABRICS | NFL GROUP

Contact us: +91 9869723951 | +91 9326736912 | Email: sales@vrssoftwares.com





zaccari ITALY WOOLLEN SUITING By Fashion Flair

Our portfolio of brands

SHIVANI CLOTHING MUMBAI | Fashion Flair | zaccari ITALY LUXURY SUITINGS | donzito PREMIUM SHIRTINGS | RAJASYA THE ETHNIC COLLECTION

J-3, 1st Floor, Shree Arihant Compound, Reti Bunder Road, Kalher, Bhiwandi-421302 (MH.)
Contact for trade enquiry: 8805340131, E-mail: shivaniclothing@gmail.com





J.HAMPSTEAD

WORLD'S FINEST FABRIC & APPAREL

A DIFFERENT LEAGUE

BEYOND EXTRAORDINARY

SCAN THE QR CODE TO VIEW THE VIDEO

Available at J.Hampstead Exclusive Brand Outlets: Borivali | Navi Mumbai | Nawanshahr (Punjab) | Palanpur | Ratlam | Vadodara | Gwalior | Lucknow

Also, available at all the leading retail outlets and Siyaram's shops across the country.

For trade/corporate enquiries, contact: 022-68330500. | Toll-free No.: 1800 209 4005. For franchise enquiries, contact: +91 98333 67616.

Email: enquiries.jhampstead@siyaram.com | Follow us on:

# Challenges in the Textile Industry: The Trend of Selling Through Schemes and Promotions, Including Travel



In the ever-evolving landscape of the textile industry, selling through schemes and promotional conferences has emerged as a prevalent practice. While this trend has been around for years, it has now evolved into a necessary but problematic aspect of modern textile trade. What was once an occasional strategy for enhancing sales has now become an obligatory process, bringing with it a host of challenges that threaten the long-term sustainability of the industry.

The Rise of Schemes and Conferences

The appeal of schemes and travel-based conferences lies in their ability to generate bulk bookings for upcoming seasons. These events save significant time and effort by consolidating sales processes that would otherwise require door-to-door interactions. Such gatherings provide a platform for buyers and sellers to connect, negotiate, and finalize deals in a single setting.

However, the convenience of bulk bookings comes with significant risks. One of the major challenges is the questionable practices of some buyers, who often fail to adhere to ethical standards. Many customers delay lifting of the ordered goods, return unsold goods at the end of the season or delay payments for extended periods, leaving sellers with financial and logistical burdens.

The Risk of Diverting Capital to Tourism

Another pressing issue with travel-based schemes and conferences is the diversion of working capital. Funds that should ideally be invested in textile production, innovation, or expansion are instead redirected toward tourism-related expenses. Organizing lavish conferences at exotic locations or offering travel incentives for buyers consumes a substantial portion of the industry's financial resources.

Adding to this challenge is the bulging working capital requirement for sellers from June to October, when preparations for the season's sales are at their peak. This significantly heavy investment in events and schemes further strains the financial health of businesses, leading to stress and inefficiencies that affect overall operational effectiveness.

**Eroding Margins and Rising Costs**

The cost of organizing schemes and conferences is not trivial. These events significantly add to the overall cost of sales, eroding the seller's margins and often inflating the cost for buyers. What might initially appear as a mutually beneficial arrangement can quickly turn into a financial strain for both parties.

For sellers, the additional expenses of travel, accommodation, and event organization can eat into their profits. Buyers, on the other hand, may find themselves paying a higher price for goods, as sellers pass on these added costs. This cycle of rising expenses creates an unsustainable business model, where profitability becomes increasingly elusive.

**A Better Way Forward: Modernizing the Trade**

In light of these challenges, the industry must explore alternatives to traditional schemes and travel-based promotions. Modern business platforms like TextilesBazaar.com offer a promising solution by providing cost-efficient and technologically advanced methods for connecting buyers and sellers.

These platforms eliminate the need for expensive travel and event organization, allowing businesses to channel their resources into productive activities. Sellers can expand their networks, secure scheduled payments, and maintain healthy margins without incurring unnecessary expenses. At the same time, buyers benefit from streamlined processes and competitive pricing, creating a win-win scenario for all stakeholders.

**Revisiting the Approach to Sales Promotions**

The current trend of heavily investing in travel and promotional schemes needs to be re-evaluated. Instead of allocating substantial funds to non-essential activities, the industry should focus on offering revised pricing and value-added services. By adopting a more cost-efficient approach, businesses can enhance their competitiveness while ensuring financial sustainability.

Additionally, the industry must emphasize responsible trade practices to address issues like delayed payments and returned goods. Leveraging technology for transparency and accountability can go a long way in building trust between buyers and sellers, fostering a healthier trade ecosystem.

**Conclusion**

The trend of selling through schemes and promotions, including travel, has become a double-edged sword for the textile industry. While it offers the convenience of bulk bookings and seasonal planning, it also introduces significant risks and financial burdens. From diverting working capital to inflating costs, eroding margins, and compounding stress during peak sales periods, the long-term implications of this practice are far from ideal.

By embracing new-age platforms like TextilesBazaar.com and adopting more cost-efficient strategies, the industry can overcome these challenges and move toward a sustainable future. The time has come for textile businesses to rethink their approach, prioritize innovation, and focus on practices that truly add value to the trade.

**- Written by Vivek Mehta**

# फोस्टा द्वारा यूनियन बजट 2025-26 पर सेमिनार का आयोजन



**सूरत/** 5 फरवरी को फोस्टा कार्यालय में फोस्टा और इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन (IVF) के संयुक्त तत्वावधान में यूनियन बजट 2025-26 पर एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बजट की प्रमुख घोषणाओं को समझना और व्यापार, उद्योग एवं आर्थिक परिदृश्य पर इनके प्रभावों को विस्तृत रूप से समझाना था। इस सेमिनार में चार्टर्ड अकाउंटेंट्स का एक विशेषज्ञ पैनल उपस्थित था, जिन्होंने बजट के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

**चर्चा के मुख्य बिंदु** – 12 लाख तक की आय के तहत 60,000 रुपये की टैक्स रिबेट, चेरिटेबल ट्रस्ट के रिन्यूवल की अवधि 5 साल से बढ़ाकर 10 साल की गई, स्टार्टअप्स के लिए 20 करोड़ रूपये तक का लोन बिना किसी सिक्योरिटी के मिल सकेगा, GST के लिए क्रेडिट नोट केवल GST के बिना जारी किए जाने चाहिए, अन्यथा GST का कैलकुलेशन तब ही संभव होगा, जब सामने वाली पार्टी से स्वीकार्यता प्राप्त हो, MSME के लिए वित्तमंत्री द्वारा बढ़ाई गई सीमा का सूरत शहर के व्यापारियों को अधिकतम लाभ उठाना चाहिए, खासकर बिना सिक्योरिटी लोन के लाभ। इस अवसर पर फोस्टा के अध्यक्ष श्री कैलाश हाकिम, सचिव श्री गिरीश मित्तल और डायरेक्टर के साथ-साथ IVF के प्रदेश अध्यक्ष श्री अनिल रुंगटा एवं उनकी टीम, साथ ही चार्टर्ड अकाउंटेंट्स श्री प्रग्नेश जगासेठ, श्री अनिश गोयल, श्री मुकेश काबरा, श्री राजेश भाउवाला, श्री पुनीत गर्ग, श्री राहुल अग्रवाल, श्री अश्विन भाउवाला और अन्य बाजार के पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# व्यापार की सुरक्षा और संगठन को सुदृढ़ करने के लिए फोस्टा ने किया महत्वपूर्ण मीटिंग का आयोजन



**सूरत/** फोस्टा कार्यालय में फोस्टा एवं गारमेंट व्यापार संगठन के संयुक्त तत्वावधान में व्यापारियों को संगठित करने और सुरक्षित व्यापार सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अहमदाबाद के प्रतिष्ठित एजेंसियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। फोस्टा अध्यक्ष श्री कैलाश हाकिम ने व्यापारिक सुरक्षा के महत्त्व पर बल देते हुए कहा कि सभी व्यापारियों को एकजुट होकर एक ही धारा-धोरण के अंतर्गत व्यापार करना चाहिए।

सभी एजेंट्स के साथ भी निम्न मुद्दों पर चर्चा- आर्डर फॉर्म के बगैर माल नहीं भेजना, एजेंट भाइयों को रजिस्टर्ड करना, एकमत होकर धारा-धोरण, डिस्काउंट, पेमेंट की धारा तय करना, यदि कोई एक सप्लायर किसी एजेंट के बायर के साथ व्यापार कर रहा है, तो उसकी हृह्ष्ट के बिना उस बायर से किसी और एजेंट के मार्फत व्यापार नहीं कर सकता, गुड्स रिटर्न के लिए बिल बनने के 15 दिन के भीतर सप्लायर पार्टी या एजेंट को लिखित में जानकारी देना आवश्यक है, 120 दिन से बकाया पेमेंट में समबन्धित सप्लायर को माल नहीं भेजना, किसी भी नई पार्टी से व्यापार करने से पहले उसके द्वारा दिए गए रेफरेंस का फिजिकल वैरिफिकेशन करना आवश्यक है, साथ ही बायर के आधार कार्ड लेना चाहिए। मीटिंग में उपस्थित सभी व्यापारी भाइयों एवं एजेंट द्वारा ऐसा प्रयास किया गया, जिससे आगामी दिनों में एक महत्वपूर्ण मीटिंग कर कपड़ा मार्केट के विकास एवं सुरक्षित व्यापार के लिए धारा-धोरण तय किये जायेंगे। साथ ही सभी ने फोस्टा के साथ जुड़कर, फोस्टा एप्लिकेशन डाउनलोड कर रेफरेंस के माध्यम से व्यापार को सुरक्षित करने का प्रयास किया जायेगा। मीटिंग में फोस्टा अध्यक्ष श्री कैलाश हाकिम, डायरेक्टर गारमेंट संगठन के अध्यक्ष श्री दिनेश जैन, गारमेंट के पदाधिकारी और अहमदाबाद से पधारें एजेंट बंधू एवं बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहें।


## सदस्यता फॉर्म

टेक्सटाइल वर्ल्ड
SINCE 1998
वस्त्र उद्योग जगत का सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र

मान्यवर,

आपको यह जानकारी देते हुए अपार हर्ष की अनुभूति हो रही है कि टेक्सटाइल उद्योग जगत का एक मात्र सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' आज दिल्ली, अमृतसर, लुधियाना, रोहतक, मुम्बई, भिवण्डी, नागपुर, अमरावती, पूना, इचलकरंजी, सोलापुर, सूरत, अहमदाबाद, गोरखपुर, आगरा, कोलकाता, ग्वालियर, रायपुर, उज्जैन, इन्दौर, रांची, हैदराबाद, सिकंदराबाद, कोयम्बटूर,बुरहानपुर, बंगलुरू, चैन्नई, सेलम, मालेगांव, इरोड़, बरेली, मुरादाबाद, भीलवाड़ा, जोधपुर, बालोतरा, पाली, जयपुर, उदयपुर सहित पूरे देश में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सम्पूर्ण टेक्सटाइल क्षेत्र में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार है और यह सब आप जैसे जागरूक पाठकों के सहयोग से ही संभव हो पाया है।

आपके लिए 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' किस प्रकार उपयोगी है:– क्योंकि यह एक अखबार ही नहीं अपितु एक महत्त्वपूर्ण सूचना प्रदायक दस्तावेज है जिसमें पूरे देश की वस्त्र मण्डियों के समाचारों के साथ–साथ फाइबर से लेकर फैब्रिक, मशीनरी, केमिकल आदि के संबंध में केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा जारी महत्त्वपूर्ण नीतियों का समावेश होता है। यह आप के व्यापार की श्रीसमृद्धि में निश्चित रूप से अभिवृद्धि करने में सहायक सिद्ध होगा।

नोट - ऑफर सीमित समय के लिये

| वर्ष | ऑफर | प्रतियां | कोरियर द्वारा |
|---|---|---|---|
| ☐ 1 वर्ष | --------- | 24 | रू. 600 |
| ☐ 2 वर्ष | --------- | 72 | रू. 1000 |
| ☐ 4 वर्ष | +1 वर्ष की सदस्यता फ्री | 120 | रू. 2400 |

**PAYMENT DETAILS**

SSS MEDIA PUBLICATIONS PRIVATE LIMITED
HDFC Bank, SABUN MARG - BHILWARA
A/c no. 50200075306932
Ifs code - HDFC0001959

**हाँ, मैं 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' समाचार पत्र की सदस्यता प्राप्त करना चाहता हूँः-**

☐ एक वर्ष ☐ तीन वर्ष ☐ पांच वर्ष

नाम एवं पद ............................................................

कम्पनी/फर्म का नाम : ............................................................

पता : ............................................................

............................................................पिन कोड नं. ............................................................

मोबाइल नं. ............................................................फोन नं. ............................................................

केटेगरी

☐ निर्माता ☐ प्रोसेसर ☐ स्पिनर ☐ निर्यातक ☐ आयातक
☐ एजेण्ट ☐ डीलर ☐ होलसेलर ☐ रिटेलर ☐ डिजाइनर
☐ कंसल्टेंट ☐ इंस्टीट्यूट ☐ अन्य ............................................................

डीलिंग

☐ सूटिंग ☐ शर्टिंग ☐ साड़ी ☐ ड्रेस मटीरियल ☐ रेडिमेड गारमेण्ट
☐ होजयरी ☐ मशीनरी ☐ केमिकल ☐ यार्न ☐ पैकेजिंग मटीरियल
☐ होम फर्निशिंग ☐ अन्य ............................................................

सदस्यता हेतु चैक/ड्राफ्ट नं. ............................ दिनांक ...................... रु. ..................... 'टेक्सटाइल वर्ल्ड' के नाम से प्रेषित है।

विशेष– यदि आप पत्रकार के रूप में आपके यहां के टेक्सटाइल मार्केट की न्यूज भी हमें भेजना चाहते हैं तो कृपया 9468835188 पर whatsapp सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करालें।

417, 4th FLOOR, COMMERCIAL MALL, GOVINDAM, OLD RTO ROAD, BHILWARA-311001
Tel: 01482-237165 | E-mail: textileworldtw@gmail.com | Web: www.textileworld.org


# टेक्सटाइल में रोबोट का प्रयोग और भविष्य



श्री सुनील भटनागर
प्रोफेसर एवं टेक्सटाइल कन्सलटेन्ट

**भारत में रोबोट का सफल प्रयोग हमने चंद्रयान-3 में देखा था। हमारे यहाँ इसका प्रयोग दवाई बनाने, हॉस्पिटेलिटी सेक्टर, इलेक्ट्रॉनिक, इलेक्ट्रिक, जोखिम के कार्यों जैसे सीवरेज की सफाई, आर्मी में लैंड माइनस को हटाने, बोम्ब को निष्क्रिय करने इत्यादि में रोबोट की इन क्षेत्रों में संभावनाएं देखी जा रही है, जहाँ कार्य को करने में सिस्टम होता है। इन जगहों में रोबोट आदमी से बेहतर कार्य कर सकते हैं। विश्व में चीन, जापान, अमेरीका अभी भारत से काफी आगे हैं। भारत रोबोट के प्रयोग में अभी 7 वें स्थान पर (लगभग 33000 औद्योगिक रोबोट) है। भारत सावधानी से आगे बढ़ रहा है, क्योंकि इसके पार्ट्स पर अभी-भी विदेशी शक्तियों का एकाधिकार है। किसी भी टेक्नोलॉजी की सफलता विदेशी इंफ्रास्ट्रक्चर पर निर्भर रहकर ज्यादा दिन टिक नहीं सकती है। मौजूदा सरकार इस बात को जानती है और उसने अपनी नीति में वर्ष 2030 तक भारत को विश्व लीडर बनाने के लिए कार्य शुरू कर दिया है।**

## इसको समझने के लिए हमें अपने से सवाल पूछने होंगे

- हम क्यों रोबोट का विकल्प इस्तमाल करे?
- क्या यहीं विकल्प बचा है?
- हमें हल स्थाई देखने होंगे न कि बिना इंफ्रास्ट्रक्चर बनाए विदेशी सप्लायर के ऊपर निर्भर रहकर ।
- आज भारत का ऑटोमोबाइल उद्योग की क्षमता कुछ हद तक विदेशी चिप, बैटरी के ऊपर निर्भर रहती है।

## क्या यह सही है?

हाल ही में इजराइल-हमास युद्ध में टेक्नोलॉजी द्वारा पेजर के फटने का भयावह रूप पढ़ा होगा। मेरा मानना है कि रोबोट की संभावनाएं उन क्षेत्रों में और होनी चाहिए, जहाँ जोखिम हो,आदमी की उपलब्धता न हो या कार्य करने में आदमी को मुश्किल आती हो जैसे-आपदा में बचाव कार्य इत्यादि।

## टेक्सटाइल उद्योग में चुनौतियां

यहाँ एक तरफ कच्चे माल की सही कीमत पर उपलब्धता है, वहीं दूसरी तरफ कार्य करने वालों की कमी। इसके अलावा डिमांड में अनियमितता देखा जाना। टेक्सटाइल उद्योग (स्पिनिंग )में मशीन चलाने वालों की कमी मैने वर्ष 1978 से अब तक के कार्यकाल में पेश करी और इसका हल भी मिलने में कामयाबी पाई।

## कुछ तथ्यों पर गौर करे जिनमें

- फसल कटाई, बुवाई और त्योहारों में मशीनों का अपनी क्षमता से कम कार्य चिंता का विषय है।
- कार्य का समय 12 घंटे भी गुणवत्ता को प्रभावित करता देखा गया है।
- जिन क्षेत्रों से पहले ज्यादातर व्यक्ति भर्ती होने आते थे, आज वहाँ संख्या न के बराबर है।
- विकल्पित रोजगार में बढ़ोतरी, बेरोजगारी भत्ता और सरकार की विभिन्न योजनाएं भविष्य में चुनौती के रूप में उभरकर खड़ी हुई है।
- व्यक्ति का सही चुनाव, सही जगह के लिए मुख्य कारण देखा गया है, जिसके कारण आदमी का पलायन काफी बढ़ा है।
- कुछ डिपार्टमेंट जैसे ब्लोरूम, कार्डिंग, रिंगफ्रेम, डाईहाउस में प्रायः आदमियों की कमी ज्यादा होती है, जबकि वाइंडिंग में ऑटोकॉनर द्वारा आदमी का काम आसान बनना। कारण ट्रेनिंग का समय, मेहनत और वर्किंग कंडीशन में अंतर।
- इसमें मौजूदा वेतन का काम/जोखिम के अनुसार न होना भी है।
- आज मुख्य समस्या भारत का विदेशी सस्ते कपड़े का भण्डार बनना भी शामिल है।
- आज कपड़े की संभावनाएं मेडिकल, ऑटोमोबाइल, स्पेस, स्पोर्ट्स, रिसर्च और टेक्निकल टेक्सटाइल क्षेत्र में भी है।
- भारतीय परिवेश के अनुसार कुछ प्रेक्टिकल सुझाव जो स्टडी द्वारा इकट्ठे किए गए डाटा के अनुसार दिए गए है, जिसमें श्रमिकों की कमी के कारणों का विश्लेषण किया गया और सुझाव दिए हैं।
- युवाओं को टेक्सटाइल की तरफ आकर्षित करने के लिए,कार्य को आसान बनाना होगा, उसके लिए सही टूल्स की व्यवस्था करनी होगी ।
- यहाँ महिलाओं की भर्ती 50 प्रतिशत तक करनी होगी, जिनमें वाइंडिंग, टीएफओ और रिंगफ्रेम प्रमुख क्षेत्र है।
- इंडस्ट्री 4.0 में ट्रेनर, काउंसलर, डॉक्टर और इंडस्ट्रियल इंजीनियर के पद रखें।
- स्थानीय और बाहरी कर्मचारियों की संख्या में एक बैलेंस रखें, जिससे लेबर की कमी स्थानीय कारीगरों के योगदान को ध्यान रखना जरूरी है।
- पी एंड आईआर को त्योहारों, फसल कटाई, रिटायरमेंट, शादी इत्यादि को पहले से भापकर 30 से 40 प्रतिशत (अनुपस्थिति के आंकड़े देखकर) भर्ती करें।
- भर्ती, चयन व्यवस्था पर ध्यान देना होगा।
- भर्ती के लिए परम्परागत क्षेत्रों के अलावा नए क्षेत्र चुनने होंगे।
- कैंटीन, हॉस्टल, वाहन और मेडिकल सुविधाएं जैसे शौचालय, शिकायत निर्वाण व्यवस्था पर मजबूती। - महिला बसों में सुरक्षा की व्यवस्था और सुविधाओं पर ध्यान रखें।
- $5^S$, EMS, SA8000 जैसे सर्टिफिकेशन को जमीनी स्तर पर उतारना।
- प्रशिक्षण विभाग के सिलेबस और उसमें कार्य करने वालों की चयन प्रक्रिया पर ध्यान स्वयं को बढ़ाने में खर्च करना होगा।
- निर्धारित से ज्यादा मशीन चलाने वाला या ज्यादा डोफिंग करने वाले को आर्थिक मदद।
- वर्कर की प्रोमोशन व्यवस्था में सुपरवाइजर या ट्रेनर जैसे पद को रखना होगा।
- समय-समय पर स्किल कॉम्पीटिशन करवाने से कार्य करने में इससे फायदा होगा।
- हमें उद्योग, कॉलेज और सरकारी नीति में बेहतर तालमेल रखना होगा।
- एक बात हमें समझनी होगी कि हर जगह आदमी का विकल्प रोबोट नहीं है।

रोबोट का प्रयोग आदमी के जीवन के दैनिक कार्यों में मदद कर काम को आसान बनाना है न कि वह आदमी का विकल्प बन बेरोजगारी को बढ़ाए। इसलिए जहाँ जोखिम हो वहाँ आदमी के कार्य न करने से नुकसान जैसे मशीन में वेस्ट समय से न निकालने से आग जैसी दुर्घटना के रिस्क को कम करना हो और स्टोर्स, रॉ-मटीरियल गोडाउन या पैकिंग जैसे विभाग जहाँ में एफआईएफओ सिस्टम लागू करने में दिक्कत आती हो, इनका प्रयोग सही होगा।







## सूटिंग-शर्टिंग और रिटेल में ग्राहकी जबरदस्त

**रेवाड़ी/ जयप्रकाश शर्मा**

बाजार में मकर संक्रांति के बाद रिटेल में ग्राहकी अच्छी हो रही है। इस समय सूटिंग-शर्टिंग की बुकिंग उत्तरप्रदेश, बिहार के रिटेल व्यापारी करवा रहे हैं। भीलवाड़ा, बॉम्बे, सूरत, पाली, बालोतरा आदि जगह अच्छा व्यापार हो रहा है। मिलों में बुकिंग जा रही है और पेमेंट की आवक भी ठीक बनी हुई है। श्रीराम एम्पोरियम दिनेश जी रिटेल में बुकिंग करवा रहे हैं। निखिल गारमेंट्स कनीना में बच्चों की ड्रेस, स्वेटर, जर्सी, टोपे इत्यादि गरम कपड़ों की बिक्री अच्छी हो रही है। बाजार में रेडीमेड की ग्राहकी अच्छी है। बंसल एम्पोरियम नारनौल के यहाँ साड़ियों की ग्राहकी अच्छी है। साड़ी प्रिंट, प्लेन, डिजाइनिंग की बुकिंग अच्छी है जो 240 से 1150 रूपए में बिक रही है। दिलावर एम्पोरियम अंटेली के यहाँ रिटेल में ग्राहकी अच्छी है। मोटा कपड़ा कंबल, लोई, रजाई के खोले एवं पेंट-शर्ट की डिमाण्ड बनी हुई है। मार्केट में आगे ग्राहकी अच्छी रहने की उम्मीद है।

## नीम का थाना होजरी एसोसिएशन में नई कार्यकारिणी का गठन : पूरी टीम ने ली शपथ



**सीकर/ राजकुमार शर्मा**

नीम का थाना में होजरी एवं रेडीमेड एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एक निजी होटल में संपन्न हुआ। समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री नितेश अग्रवाल सहित सभी पदाधिकारियों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। चुनाव अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने नई टीम को शपथ दिलाई। जिसमें उपाध्यक्ष श्री निशांत मित्तल, महामंत्री श्री नितेश गोयल, कोषाध्यक्ष श्री मनीष गर्ग और मंत्री श्री जितेन्द्र सोमानी शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष श्री सुरेश चौधरी, महामंत्री श्री अनिल पंसारी, कोषाध्यक्ष श्री योगेश गुप्ता और अग्रवाल समाज नीमकाथाना के अध्यक्ष श्री कमलेश मेगातिया ने की। शपथ ग्रहण के बाद सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर एवं नियुक्ति प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री नितेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि वे पूरी टीम के साथ मिलकर संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाएंगे और सभी सदस्यों के सुख-दुःख में साथ रहेंगे। इस अवसर पर श्री नरेन्द्र चेतानी, श्री मनीष गर्ग और श्री नितेश गोयल ने भी संगठन की एकता और सुचिता पर जोर दिया।



## सम्पादकीय....

# शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने की आवश्यकता

यह किसी से छिपा नहीं कि शिक्षा समाज को योग्य और समर्थ बनाने की दिशा में कितनी महत्त्वपूर्ण है। शिक्षा के परिसर एक परिपक्व और सृजनशील मनुष्य बनाने की प्रयोगशाला होते हैं। वहाँ विद्यार्थी जीवन मूल्यों की दीक्षा पाता है। उसके व्यक्ति त्व की बनावट भी बहुत हद तक वहीं होती है। भारत में शिक्षा ऐतिहासिक रूप से अनेक चुनौतियों से घिरी रही है, इसलिए उसकी समस्याएं इकट्ठी होती गई हैं। भारतीय राजनीति शिक्षा के प्रति अलग-अलग नजरिये से संवेदनशील रही है। फलतः शिक्षा में प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से राजनीतिक प्रयोग होते रहे हैं। चूंकि शिक्षा समाज के वर्तमान और भविष्य, दोनों से जुड़ी रहती है, इसलिए उसमें राजनीतिक दिलचस्पी स्वाभाविक है। आजादी के बाद सेक्युलर दृष्टि शिक्षा की आधारशिला बनी, जिसने बहुत कुछ जो भारतीय था, उसे भुला दिया, बहिष्कृत कर दिया या घटा-बढ़ाकर विकृत रूप में शामिल किया।

स्वतंत्र भारत में अपनाई गई शिक्षा की नीतियां, योजनाएं, प्रविधान और उनका कार्यान्वयन प्रायः पुरानी लीक पर ही होता रहा। स्वतंत्रता के बाद अपनाए गए पश्चिमी मॉडल से हम उबर नहीं पाए हैं। थोड़ा बहुत हेरफेर कर काम चलाते रहे। परिणाम यह हुआ कि भारतीय शिक्षा के समग्र, समावेशी और स्वायत्त स्वरूप विकसित करने की बात धरी की धरी रह गई। अमृतकाल में भारत ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित करने का संकल्प लिया है, ताकि आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और जीवन की गुणवत्ता की दृष्टि से देश की सामर्थ्य में अभिवृद्धि हो और वह विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में पहुँच जाए। कई वर्षों से शिक्षा पर देश के बजट में छह प्रतिशत खर्च करने की बात होती रही है, परंतु वास्तविक व्यय तीन प्रतिशत भी कठिनाई से हो पाता है। विकास के पहिए की धुरी शिक्षा होती है। इसलिए यह राष्ट्रीय नियोजन में उचित महत्त्व की हकदार है।

आज शैक्षिक परिवेश अध्यापकों की कमी और उनकी गैर-अकादमिक आकांक्षाओं से दूषित हो रहा है। पेपर लीक की घटनाएं, शोध में चोरी (प्लैगरिज्म) का चलन बढ़ रहा है। ज्ञान में वृद्धि और नवोन्मेष की जगह दोहराव और कॉपी-पेस्ट की प्रवृत्ति तेजी से फैल रही है। ज्ञान की कवायद तो हो रही है, पर पढ़ाई की गुणवत्ता घट रही है। खस्ताहाल विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय की पढ़ाई नाकाफी हो रही है। उसकी भरपाई करते कोचिंग संस्थान लोकप्रिय और नफे वाला व्यापार बन चुका है। इसके दबाव में विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य नकारात्मक रूप से प्रभावित हो रहा है। लोकहित के व्यापक लक्ष्यों के लिए समानता और समता जरूरी है, पर भारत में शिक्षा कई तरह से विभेदकारी होती जा रही है। आज सरकारी, अर्ध-सरकारी और स्ववित्तपोषित संस्थाएं चल रही हैं। उनमें फीस, प्रवेश, पढ़ाई और परीक्षा के तौर-तरीके भी बेमेल हैं। बच्चे को पढ़ाना अभिभावकों के लिए बरसों चलने वाला संघर्ष बन गया है। केंद्रीय बजट में शिक्षा की बारी बहुत बाद में आती है। दुनिया के अन्य देशों के सापेक्ष शिक्षा के लिए छह प्रतिशत आवंटन की वकालत कई सालों से की जा रही है। वित्त मंत्री ने बजट में सभी बच्चों को सौ प्रतिशत स्कूल भेजने का लक्ष्य तय किया है और तकनीकी शिक्षा और शोध विशेषतः कृत्रिम मेधा पर विशेष ध्यान दिया गया है।

विश्व में युवा देश के रूप में भारत से आशा बंधती है, परंतु इस युवा शक्ति को नियोजित करना जरूरी है। विश्व-गुरु बनने की इच्छा व्यक्त की जाती है, लेकिन युवा वर्ग को सभ्य, सुशिक्षित और दक्ष बनाकर ही हम आगे बढ़ सकेंगे। शिक्षा को देशकाल के अनुकूल एक नैतिक और मानवीय उपक्रम बनाकर ही यह किया जा सकेगा। मानविकी, साहित्य, दर्शन और इतिहास भी महत्त्वपूर्ण है। विशेषतः नैतिक और सामाजिक दृष्टि से समृद्ध करने के लिए भारतीय शिक्षा को इन सभी दृष्टियों से सुदृढ़ किया जाना चाहिए।

## कुछ नया, कुछ अलग • महाकुंभ

# भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत और सनातन आस्था का प्रतीक



श्री हरेश मेहता
प्रेसीडेन्ट-यश कॉटन कॉरपोरेशन
(प्रसिद्ध मार्केटिंग गुरू)

नमस्ते मित्रों,

आप सभी को पता ही होगा कि गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदी के त्रिवेणी संगम स्थल पर हिन्दुओं के पवित्र तीर्थस्थल प्रयागराज में कुंभ मेले का प्रारंभ हो चुका है। भारत की गौरवशाली प्राचीन सांस्कृतिक विरासत और सनातन आस्था का प्रतीक कुंभ मेला 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक चलेगा। कुल 45 दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में समग्र भारत के साथ-साथ अमेरिका, इजराइल, फ्रांस, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन, ब्राजील और अन्य देशों से लगभग 40 करोड़ श्रद्धालु पवित्र नगरी प्रयागराज पहुँचेंगे, ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है। प्रयागराज में हर 12 साल के बाद मनाया जाने वाला यह महापर्व पिछली बार साल 2013 में आयोजित हुआ था।

दोस्तों, आपके मन में यह प्रश्न उठ रहा होगा कि इस बार के कुंभ मेले को महाकुंभ क्यों कहा जा रहा है। पारंपरिक रूप से भारतवर्ष में कुल चार स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। हरिद्वार में गंगा नदी के तट पर, नाशिक में गोदावरी नदी के तट पर, महाकाल की नगरी उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट पर और प्रयागराज में तीन पवित्र नदियों के त्रिवेणी संगम पर हर तीन साल में एक बार बारी-बारी कुंभ मेला आयोजित होता है। यानि हर 12 साल में एक बार इन नदियों पर कुंभ मेले का आयोजन होता है।

इसके अलावा, हरिद्वार और प्रयाग में छह वर्ष के अंतराल पर अर्धकुंभ का भी आयोजन होता है, जबकि उज्जैन और नाशिक में सिंहस्थ का आयोजन किया जाता है। प्रयागराज में मनाए जाने वाले कुंभ को सबसे पवित्र माना जाता है। प्रयागराज में होने वाले हर 12 पूर्ण कुंभ मेले के बाद मनाए जाने वाले कुंभ मेले को महाकुंभ कहा जाता है, जो की 144 वर्षों में एक बार आता है। यह योग हमारे सभी के जीवन में सभवतः एक ही बार आता है। इसलिए महाकुंभ की महिमा विशिष्ट है।

पौराणिक कथा के अनुसार देवता और असुरों के बीच हुए समुद्र मंथन के दौरान भगवान विष्णु के अमृत कलश से अमृत की कुछ बूंदें भारतवर्ष की जिन तीन नदियों में गिरीं थी, उन नदियों के तट पर कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। इस दौरान करोड़ों श्रद्धालु इन पवित्र नदियों में डुबकी लगा कर अपने पापों को नष्ट करते हैं। ऐसा कहा जाता है कि कुंभ मेले के दौरान इन नदियों में स्नान करने से सभी पाप धूल जाते हैं और जीवन-मरण के चक्र से छुटकारा मिलता है तथा मोक्ष की प्राप्ति होती है।

ज्योतिषी गणनाओं के अनुसार प्रयागराज का कुंभ मेला सूर्य और चंद्र वृश्चिक राशि में तथा बृहस्पति ग्रह मेष राशि में प्रवेश करते हैं तब शुरू होता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार 2025 के महाकुंभ पर्व की शुरूआत पौष पूर्णिमा के दिन स्नान पर्व से हुई और इसका समापन महाशिवरात्रि के दिन होगा। इन 45 दिनों के दौरान धर्मात्मा साधू-संत और भक्तों के अलावा हिन्दू धर्म में आस्था रखने वाले सभी लोग इस महापर्व में शामिल होंगे। पौष पूर्णिमा, मकर संक्रांति, मौनी अमावस्या, बसंत पंचमी, माघ पूर्णिमा और महाशिवरात्रि के पवित्र दिनों पर शाही स्नान किए जाएंगें, क्योंकि इन दिनों का महात्म्य विशेष होता है।

आपको पता ही होगा कि इस महाकुंभ के दौरान कई लोग 30 दिन का कल्पवास भी कर रहे हैं। इस दौरान गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम स्थल पर कड़कड़ाती सर्दी में सभी कल्पवासियों को पूरा महिना तंबू में रहकर विशेष नियमों और धर्म का पालन करना होता है। पौष पूर्णिमा से माघी पूर्णिमा तक एक महिना चलने वाले कल्पवास के दौरान कल्पवासी को जमीन पर सोना होता है और इस दौरान सिर्फ एक बार भोजन लेना होता है तथा किसी भी प्रकार की हिंसा से दूर रहना होता है। कल्पवास कर रहे श्रद्धालुओं को दिन में तीन बार गंगा स्नान करना होता है और संपूर्ण दिन भजन-कीर्तन में व्यतीत करना होता है। वैसे तो कोई भी उम्र के लोग कल्पवास कर सकते है, लेकिन सांसारिक मोह-माया से मुक्त हो चुके व्यक्ति को ही कल्पवास करना चाहिए ऐसी मान्यता है।

भारत की सनातन संस्कृति की महानता को दर्शाता महाकुंभ करोड़ों सनातनियों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करने का काम करता है। इसलिए हम सभी हिन्दुओं के लिए धार्मिक रूप से सबसे महत्त्वपूर्ण इस महापर्व का हमारे जीवन में विशेष महत्त्व होता है। आज की बात को मैं यहीं अल्पविराम देता हूँ। एक और नए विषय के साथ अगली बार फिर मिलेंगे। तब तक के लिए अलविदा।

Email: harresh.mehta@yashcotton.com | Mobile +91 82916-71111


# टेक्सटाइल इंडस्ट्री में जोखिम से कैसे बचें

## बीमा और रिस्क मैनेजमेंट में बीमा ब्रो का साथ

टेक्सटाइल इंडस्ट्री में काम करना आसान नहीं है। यहाँ आग लगने का डर, मशीनरी खराब होने की परेशानी, कर्मचारियों की चोट और कभी-कभी नेचुरल डिजास्टर जैसे जोखिम हमेशा मंडरा रहे हैं। ऐसे में, अपने बिजनेस को इन सब खतरों से बचाने के लिए सही बीमा और रिस्क मैनेजमेंट बहुत जरूरी है। बीमा ब्रो इंश्योरेंस ब्रोकर आपको ऐसे कस्टमाइज्ड सॉल्यूशन्स देते हैं जो आपके बिजनेस की हर जरूरत को ध्यान में रखते हैं।

BimaBro

### टेक्सटाइल इंडस्ट्री के कुछ मुख्य रिस्क

टेक्सटाइल इंडस्ट्री में कई तरह के रिस्क होते हैं। सबसे बड़े रिस्क में आग लगना है, क्योंकि यहाँ इस्तेमाल होने वाले मटीरियल्स अक्सर फ्लेमेबल होते हैं। इसके अलावा मशीनरी में खराबी आना, कर्मचारियों के चोटिल हो जाना और पर्यावरण से जुड़ी समस्याएँ भी होती रहती हैं। साथ ही सप्लाई चेन में अड़चनें, मार्केट में उतार-चढ़ाव और सरकार के नये-नये नियमों का पालन करना भी एक बड़ा चैलेंज है। अगर, इन सबका सही से सामना नहीं किया गया तो बिजनेस को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

### बीमा ब्रो की सुविधाएँ

बीमा ब्रो आपके बिजनेस के लिए एकदम परफेक्ट बीमा और रिस्क मैनेजमेंट सर्विसेज लेकर आते हैं। ये सेवाएँ इस तरह से हैं।

### रिस्क असेसमेंट

बीमा ब्रो आपके बिजनेस में मौजूद सभी रिस्क्स की जाँच करते हैं। इससे आपको पता चलता है कि कहाँ-कहाँ खतरा मंडरा रहा है और आप समय रहते उसे सॉल्व कर सकते हैं।

### वैल्यूएशन सर्विसेज

सही कीमत का आकलन करना बहुत जरूरी है ताकि आपके पास सही इंश्योरेंस हो। बीमा ब्रो के एक्सपर्ट्स आपकी मशीनरी, बिल्डिंग और स्टॉक की सही वैल्यूएशन करते हैं, जिससे आपके बिजनेस पर ना तो ज्यादा खर्च आता है और ना ही कम इंश्योरेंस हो जाता है।

### थर्मोग्राफी और फायर ऑडिट

थर्मल इमेजिंग से पता चलता है कि कहीं मशीनरी में ओवर हीटिंग या किसी भी इलेक्ट्रिकल प्रॉब्लम की संभावना तो नहीं। फायर ऑडिट के जरिए संभावित आग के रिस्क को पहले ही पहचान लिया जाता है। इससे आपके बिजनेस को बड़े नुकसान से बचाया जा सकता है।

### प्रिवेंटिव चैक्स

समय-समय पर मशीनरी और उपकरणों की जाँच करवाना जरूरी है। इससे आप जान सकते हैं कि कहीं कोई प्रॉब्लम तो नहीं हो रही है। बीमा ब्रो की प्रिवेंटिव चैक्स सर्विसेज से आपके बिजनेस की लाइन में कोई रुकावट नहीं आती।

### सही बीमा कवरेज का मतलब

कई बार देखा जाता है कि सही सलाह ना मिलने से बिजनेस में गलत या अधूरी बीमा पॉलिसी ले ली जाती है। इससे कम्पनी को असली नुकसान होने पर पूरा मुआवजा नहीं मिल पाता। गलत पॉलिसी के कारण, कभी-कभी कुछ रिस्क कवर्ड ही नहीं होते या कवरेज लिमिट कम होती है। ऐसे में क्लेम करने में भी काफी दिक्कतें आती हैं और आपका बिजनेस फँस जाता है।

### बीमा ब्रो आपके साथ

बीमा ब्रो सिर्फ बीमा पॉलिसी बेचते ही नहीं, बल्कि आपके बिजनेस के लिए सही गाइडेंस भी देते हैं। वे आपकी कम्पनी की जरूरत समझते हैं और उसी हिसाब से आपको सबसे बेहतरीन बीमा कवर चुनने में मदद करते हैं। उनका उद्देश्य है कि आपको सही पॉलिसी मिले, ताकि किसी भी आपदा के समय आपका बिजनेस पूरी तरह सुरक्षित रहे। बीमा ब्रो के साथ, टेक्सटाइल इंडस्ट्री में काम करने वाले बिजनेस मालिकों को अब चिंता करने की जरूरत नहीं है। आप निश्चिंत रह सकते हैं कि आपके बिजनेस के हर रिस्क का सही से आकलन हो रहा है और सही बीमा कवर आपके पास मौजूद है। इस तरह, आप अपने काम पर ध्यान केंद्रित कर सकते हैं और अपने बिजनेस को नई ऊँचाइयों तक ले जा सकते हैं।

पॉलिसी संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए इस नंबर पर संपर्क करे

Email raghav@bimabro.com
Tel: 78382 88040


## YARN Rate

### यार्न रेट्स 05 फरवरी, 2025

**C.T.M.**

PH. 247511, 247512, 9829045130

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | ---- |
| 2/18 Dyed | ---- |
| 2/40 Dyed | ---- |
| 2/30 Frosted | ---- |
| 2/30 Dyed Slub | ---- |
| 2/30 School Dress Clourer | ---- |

**R.T.M** PH. 24766, 9829046404

| | |
|---|---|
| 2/30 Dyed Ntbl | ---- |
| 2/40 Dyed | ---- |
| 2/30 Frosted | ---- |

**SRM Spinners** Mob. 8078660873

| | |
|---|---|
| 2/18 PV Diamond | 155 |
| 2/18 PV Navy 85:15 | 165 |
| 2/18 PV Black 70:30 | 160 |
| 2/18 R Navy 70:30 | 178 |
| 1/15 Poly Black | 105 |
| 20 PV Black | 143 |
| 15 PV Black | 136 |
| 2/30 PV 65/35 Black | 187 |

**PANIPAT YARN- 9416031498**

| | |
|---|---|
| **TEXTURISE** | |
| 150 Roto Grey. | 108-155 |
| 150 Roto Black. | 112-157 |
| 150 Roto Bright. | 127-147 |
| 150/250 grey. | 115-158 |
| 150/250 dyed | 132-174 |
| 150 FDY. | 131 |
| **P.V. Yarn** | |
| 2/20 Grey CL | ----- |
| 2/40 POLY | 178 |
| 2/15 Poly Grey | 122 |
| 2/20 Poly CL | ----- |
| 20 Poly CL | 115 |
| **Cotton Yarn** | |
| 4 cone OE | 65-114 |
| 6 cone. OE | 66-166 |
| 10 cone OE | 95-119 |
| 2/4 cone OE | 96-167 |
| 2/6. OE | 102-179 |
| 2/8 OE | 104-182 |
| 2/10 OE. | 114-230 |
| 2/20 OE. | 227-307 |
| 2/30 RF. | 305-429 |
| 2/40 RF | 304-412 |
| **STAPLE YARN** | |
| 10 CONE | 201 |
| 15 CONE | 205 |
| 20 CONE | 213 |
| 2/15 CONE | 214 |
| 2/40 CONE | 265 |

**Raghav Group (94141-11402)**
**Email: sheetal@raghavindia.com**

| COUNT | RATE |
|---|---|
| **TRIDENT LIMITED** | |
| 1/10 OE | 166 |
| 1/14 OE | 164 |
| 1/16 OE | 167 |
| 1/20 OE | 196 |
| 30 KW | 269 |
| 30CWC | 276 |
| 2/40 CW ELLY | 264 |
| 40 CW COMPACT | 322 |
| 50 CW COMPACT | 392 |
| **ANKUR UDYOG LIMITED** | |
| 1/30 POLY 100% | 159 |
| 1/20 POLY 100% | 149 |
| 1/15 POLY 100% | 144 |
| **SIDDHARTHA SUPER SPG MILLS** | |
| 2/15 P/V DYED OLIVE GREEN | 196 |
| 2/18 P/V BLACK | 170 |
| 2/30 P/V BLACK | 235 |
| **LNJ DENIM** | |
| 6 OE | 165 |
| 7 OE | 167 |
| 10 OE | 178 |
| 10 LYCRA | 259 |
| 10 SLUB LYCRA | 280 |

**VISAKA IND. LTD.**

PH. 93514-27900

| | |
|---|---|
| 2/20 Poly Grey@ | 158 |
| 2/24 Poly Grey@ | 164 |
| 2/30 Poly Grey@ | 169 |
| 2/40 Poly Grey@ | 196 |
| 2/60 Poly Grey@ | 257 |
| 2/76 Poly Grey@ | 315 |
| 2/30 PV Black @ | 218 |
| 2/40 PV Black @ | 258 |
| 2/30 PV HD Dyed @ | 245 |

**GORAKHPUR YARN PRAHALAD RAI & CO.**
PH. 99358-27000

| | |
|---|---|
| **Ankur** | |
| 1/20 pv | 158 |
| 1/15 pv | NA |
| 2/30 pv | NA |
| 1/30 pv | 168 |
| **Jaanvi** | |
| 1/15 psy | 128 |
| **Triveni** | |
| 2/40 pv ` | 218 |
| 2/30 pv | 186 |
| 1/20 pv | 157 |
| 1/15 pv | 152 |

**NEETA YARNS**

Ph. 022-28335766, 093246-70428
(M) 98210-82022

| Fancy Yarn Per Kg | |
|---|---|
| 30/62 Alpine | 212 |
| 2/60 PVT | 216 |
| 2/60 Polyster | 235 |
| 2/76 Polyster | 275 |
| 2/60 P.V. | 258 |
| 2/60 P.C. | 265 |
| 150/48/400 Bright | 130 |
| 75/36/1450 Bright Rate | 158 |
| 65/36/600 Bright Rate | 212 |
| 100/36/1450 | 142 |

**MODTEX TEXTURISERS**

PH. 246496, 98292-50430

| | |
|---|---|
| 150/400 Cone Dyed | 198+GST |
| 150 HIM Cone Dyed | 188+GST |
| 300 HIM Cone Dyed | 184+GST |

Cd : 3rs/kg

**GRASIM INDUSTRIES LTD.**

PH. 247324, 93521-45544

| | |
|---|---|
| 2/30 NTBL | ---- |
| 2/40 Dyed | ---- |
| 2/50 Dyed | ---- |

**PAWAN ENTERPISES**
**9414111656**

| | |
|---|---|
| **Triveni Spinning** | |
| 1/15 Pv. 70/30 Z Black@ | 162 |
| 2/30 pv 70/30 Z Black@ | 194 |
| 2/40 Pv70/30 Z Black@ | 228 |
| **Vergine Quality** | |
| 1/15 Pv 70/30 Grey @ | 153 |
| 1/20 Pv 70/30 Grey@ | 156 |
| 2/15 Pv 70/30 Grey@ | 163 |
| 2/18 Pv 70/30 Grey @ | 168 |
| 2/30 Pv70/30 Grey@ | 186 |
| 1/15 Polyester Grey@ | 132 |
| 2/20 Polyester Grey @ | 150 |
| 2/30 70/30 Melange@ | 198 |
| 2/30 100% Viscose@ | ..... |
| 2/40 100% viscose@ | 253 |

**RATAN BARJATIYA SPINNERS**
**Bhavit Jain: 9928913144**

| | |
|---|---|
| **PV Yarn** | |
| 2/60 PV | 260 |
| 2/40 PV | 205 |
| 2/30 PV | 182 |
| 2/24 PV | 176 |
| 2/20 PV | 170 |
| 2/18 PV | 164 |
| 2/15 PV | 162 |
| **Recycled PV Yarn 70:30** | |
| 2/40 PV | 190 |
| 2/30 PV | 170 |
| **Polyester Yarn** | |
| 2/60 Poly | 240 |
| 2/40 Poly | 185 |
| 2/30 Poly | 162 |
| 2/24 Poly | 156 |
| 2/20 Poly | 148 |
| 2/15 Poly | 142 |
| **Recycled Polyester yarn** | |
| 2/40 recycled | 165 |
| 2/30 recycled | 140 |
| 2/20 recycled | 130 |
| 2/15 recycled | 125 |
| 1/15 recycled | 115 |
| **PC Yarn Combed (65:35)** | |
| 2/40 PC | 255 |
| 2/30 PC | 230 |
| **Black Yarn** | |
| 2/30 poly black | 145 |
| 2/30 pv black | 186 |
| 2/47 Poly Magic | 176 |
| 2/47 PV magic | 196 |

# सर्दी के बावजूद नहीं बिक रहे ऊनी वस्त्र

**उदयपुर/ नवीन कोठारी**

फरवरी माह शुरू हो गया फिर भी सर्दी बराबर है। दिन के तापमान में जरूर बढ़ोतरी हुई, किंतु रात्रि के तापमान में मामूली बढ़त से सर्दी में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ है। शहर में ऊनी बाजार पूरी शान और शौकत से सजे हुए हैं पर ग्राहक नदारद है। इन बाजारों में इक्का-दुक्का ग्राहक ही अब दिखाई दे रहे हैं। अब वैसे भी जाती हुई सर्दी में कोई ऊनी वस्त्र खरीदना पसंद नहीं कर रहा है। कुछ दिनों की सर्दी के पश्चात लोगों के शरीर से गर्म वस्त्र उतर जाएंगे। बहुत से अस्थाई बाजार सिमटने की तैयारी में है और शहर के जो स्थाई वस्त्र व्यवसायी हैं वे भी समर माल का ऑर्डर देने में लगे हैं और बचे हुए ऊनी वस्त्रों पर डिस्काउंट देकर ज्यादा से ज्यादा माल खत्म करने में व्यस्त हैं। इस माह शादियों की कई तारीख होने से वस्त्र बाजार में वैवाहिक ग्राहकी है। सभी प्रकार के वस्त्रों की बिक्री होने से दिनभर वस्त्र बाजार में चहल-पहल रहती है। जानकारों के अनुसार वैवाहिक ग्राहकी आने वाले दिनों तक यथावत रहने के आसार है तथा ऊनी माल अब और बिकने की उम्मीद नहीं है।

# चित्रकूट के डॉ. बी. के. जैन पद्मश्री पुरस्कार के लिए चयनित

## अंधत्व निवारण के क्षेत्र में 50 वर्षों के सेवाकार्य के लिए मिला सम्मान



सतना/ बलराम शुक्ला... चित्रकूट परमहंस संत श्री रणछोड़दास जी महाराज के कर-कमलों से चित्रकूट के जानकीकुण्ड में स्थापित अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध संस्थान सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक एवं ट्रस्टी डॉ. बी. के. जैन को अंधत्व निवारण के क्षेत्र में पाँच दशकों के अभूतपूर्व योगदान के लिए भारत सरकार ने पद्मश्री पुरस्कार के लिए चयनित किया है। यह पुरस्कार उन्हें चिकित्सा के क्षेत्र में व्यक्ति गत कार्य एवं योगदान के लिए दिया जायेगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. बी. के. जैन ने 70 के दशक के आरम्भ में चित्रकूट आकर अपनी सेवाएं देनी आरम्भ की थी, उनके परिश्रम और दूरदर्शिता के कारण आज सदगुरु नेत्र चिकित्सालय ने अंतरराष्ट्रीय ख्याति अर्जित की एवं आज विश्व के श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सकीय संस्थानों में इसकी गिनती होती है। डॉ. जैन के निर्देशन में प्रतिवर्ष 1.55 लाख से अधिक सफल नेत्र ऑपरेशन अत्याधुनिक मशीनों द्वारा विश्व के सबसे बड़े ओफ्थाल्मिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर में संपन्न होते हैं एवं 17 लाख से अधिक लोगों का नेत्र चिकित्सकीय सुविधाएँ उपलब्ध करायी जाती है। डॉ. जैन के निर्देशन में चिकित्सालय द्वारा मध्यप्रदेश एवं उत्तरप्रदेश के विभिन्न जनपदों में 130 प्राथमिक नेत्र जाँच केन्द्र भी संचालित हैं एवं प्रतिवर्ष 4500 से अधिक सामुदायिक नेत्र शिविरों का आयोजन किया जाता है, जिसके माध्यम से लाखों लोगों तक नेत्र सेवाएं उपलब्ध करायी जाती है। एक विशेष उपलब्धि के रूप में डॉ. जैन को सर्वप्रथम पाँच जिलों को मोतियाबिंद बैकलॉग रहित क्षेत्र बनाने का भी श्रेय जाता है। उनके कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में सदगुरु नेत्र चिकित्सालय ने पन्ना, सतना, बाँदा, हमीरपुर और फतेहपुर इन पाँच जिलों में एक विशेष अभियान चलाकर घर-घर नेत्र परीक्षण करवाया गया एवं मोतियाबिंद के चिन्हित रोगियों की सर्जरी कर नवीन रौशनी प्रदान की गयी। इस प्रकार सघन स्क्रीनिंग प्रोग्राम के कारण इन सभी जिलों को नियत समय के अन्दर मोतियाबिंद बैकलॉग रहित क्षेत्र बनाया गया। इस सन्दर्भ में डॉ. जैन ने हो रहे समाज कल्याण के इन सभी कार्यों के लिए गुरुदेव की प्रेरणा और आशीर्वाद को श्रेय दिया एवं स्वयं को एक निमित्त मात्र बतलाया। साथ ही डॉ. जैन ने सदगुरु परिवार के अनेक कार्यकर्ताओं, गुरु-भाई बहनों एवं परिवारजनों को इस उपलब्धि के लिए उनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष योगदान के लिए श्रेय दिया और कहा कि इस पद्मश्री पुरूस्कार की उपलब्धि के लिए मैं परम पूज्य गुरदेव श्री रणछोड़दास जी महाराज को मुझे अपने सेवाकार्य में निमित्त चयनित करने के लिए देता हूँ। साथ ही यह श्रेय मैं सदगुरु परिवार के हर बड़े से लेकर छोटे कार्यकर्ता को जिनके प्रत्यक्ष और परोक्ष सहयोग से ही यह उपलब्धि संभव हो सकती है, उन्हें प्रदान करता हूँ एवं मेरे उन लाखों नेत्र रोगियों को जिन्हें नेत्र ज्योति मिलने पर उनके अनगिनत आशीर्वाद हमें प्राप्त हुए और उन्होंने मुझे उनकी सेवा करने का अवसर प्रदान किया है, मैं यह सम्मान उन सभी को समर्पित करता हूँ। सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के सभी ट्रस्टीगण-चेयरमैन, चित्रकूट के समस्त जनमानस को जिनके सहयोग और भरोसे के कारण मैं इस सेवाकार्य में संलग्न हूँ। साथ ही इस अवसर पर मैं याद करूँ मेरे पिता तुल्य मार्गदर्शक भूतपूर्व अध्यक्ष श्री अरविन्द भाई को, जिन्होंने ऊँगली पकड़ के मुझे इस नेत्रयज्ञ में चलना सिखाया। साथ ही क्षेत्र के समस्त प्रशासनिक अधिकारियों का जिनका मार्गदर्शन एवं प्रेम हमें निरंतर प्राप्त होता आ रहा है और सबसे अंत में चित्रकूट की इस पावन-पवित्र भूमि को, जिसके कण-कण में भगवान राम और माता जानकी का वास है और इसी भूमि का प्रताप है कि मेरे जैसा सामान्य व्यक्ति ऐसी असाधारण उपलब्धि के योग्य बन सका।

**सेवा को मिला सर्वश्रेष्ठ सम्मान-** एक प्रतिष्ठित कपड़ा व्यवसायी गुजराती परिवार सतना में एक फर्म हुआ करती थी 'दलसुखलाल मगनलाल' हिंदुस्तान की बड़ी-बड़ी मिलों की डीलरशिप हुआ करती थी। जेसीटी फगवाड़ा, मोहता मिल हिगनघाट, जियाजीराव कॉटन मिल ग्वालियर, केशवराम मिल कलकत्ता, सेंचुरी मिल, अरबिंद भाई मफतलाल पीरामल ऐसी बहुत-सी मिलें थी, जिनका आसपास के जिलों में नाम चलता था। संयुक्त परिवार पिता दलसुखलाल के छह सुपुत्र मोहन भाई, रवि भाई, मुक्ति भाई, चंद्रकांत (चंदूभाई),भूपेंद्र कुमार, डॉ. बुधेंद्र कुमार जैन (डॉ.बी.के.जैन) पाँचवें नम्बर के पुत्र जिन्होंने डॉ. बनने के बाद अपनी सेवा का स्थान भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट को चुना। सघन वन क्षेत्र, डाकुओं का साम्राज्य ऐसे में एक कमरे में दो डॉक्टरों के साथ 70 के दशक में पूज्य संत गुरुदेव रणछोड़दास जी महराज के तीन संकल्प थे।

भूखे को भोजन, दृष्टि बाधित को आँख, निर्वस्त्र को वस्त्र इन तीनों संकल्पों को डॉ. साहब ने पूर्ण किया और भारत सरकार ने सेवा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ सम्मान पदमश्री से अलंकृत किया। आज सतगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के प्रशासनिक अधिकारी डॉ. इलेश जैन जो कि डॉ. बी. के. जैन के सुपुत्र है। जब मैंने उनको इस सम्मान को मिलने पर बधाई दी, तो वह भाव विभोर हो गये और इस सम्मान को पूरे जिले की जनता का सम्मान कहा एवं इसका पूरा श्रेय सतगुरु सेवा संघ के ट्रस्टी स्व. अरविंद भाई मफतलाल को जाता है।



कानपुर/ केंद्रीय बजट के सम्बन्ध में इंडस्ट्रियल स्टेट स्थित ऑडिटोरियम में लगभग 32 संस्थाओं को आमन्त्रित किया गया, जिसमें कानपुर कपड़ा कमेटी के पूर्व प्रेसीडेंट श्री कृष्ण गुप्त(बब्बू) को बैठक में सहभागिता करने का अवसर मिला एवं अपने विचार मीडिया में रखने का मौका प्राप्त हुआ।

## टेक्सटाइल, गारमेंट उद्योग द्वारा स्वागत.... पृष्ठ 1 का शेषांश

श्री मेहरा का कहना है कि बजट में सरकार टेक्सटाइल सेक्टर को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धक बनाने की पहल एक अच्छा कदम है। उनका मानना है कि सरकार द्वारा आयकर में नई कर व्यवस्था से उपभोक्ता की खर्च योग्य आय में वृद्धि होगी और इससे गारमेंट तथा होम टेक्सटाइल आदि की मांग में सुधार होगा। श्री मेहरा का कहना है कि उपभोक्ता की क्रय शक्ति में वृद्धि से छोटे व बड़े दोनों क्षेत्रों के उद्योग को लाभ होगा। कॉटन टेक्सटाइल्स प्रोमोशन कौंसिल के चैयरमेन श्री विजय अग्रवाल का कहना है कि बजट में एक्सपोर्ट प्रोमोशन मिशन की स्थापना के प्रस्ताव से मंत्रालयों में आपसी ताल-मेल बढ़ेगा और निर्यात बढ़ाने के लिए इसकी आवश्यकता काफी समय से अनुभव की जा रही थी। सदर्न इंडियन मिल्स के चैयरमेन श्री एसके सुंदररमण ने बजट में कॉटन टेक्नोलॉजी मिशन की स्थापना का स्वागत करते हुए कहा है कि उद्योग इसकी मांग काफी समय से करता आ रहा था। देश में उच्च उपज देने वाले बीजों और कॉटन उत्पादन के लिए विश्व स्तर की तकनीक अपनाए जाने से देश में साफ और ब्राण्डेड किस्म की कॉटन का उत्पादन बढ़ेगा, जिससे किसानों और उद्योगों को लाभ होगा।

## भारत टेक्सटाइल्स, गारमेंट निर्यात.... पृष्ठ 54 का शेषांश

में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी आकर्षित होगा। एमएमएफ उत्पादों के लिए गहन अनुसंधान व विकास की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सरकार 1,480 करोड़ रूपए के नेशनल टेक्नीकल टेक्सटाइल्स मिशन (एनटीटीएम) की स्वीकृति दी है। इसमें अनुसंधान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा इसके अंतर्गत अनुसंधान के 168 प्रोजेक्ट स्वीकृत किए गए हैं। सरकार ने निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राज्य और केंद्रीय करों और शुल्क में छूट की योजना को भी 31 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया है। सर्वे का कहना है कि देश के वस्त्र उद्योग के पक्ष में कई अनुकूल परिस्थितियां काम कर रही हैं, जो इस क्षेत्र के लिए शुभ संकेत है।

# बजट से व्यापारियों में असमंजस

**बरेली / राजीव अरोड़ा**

बजट को लेकर व्यापारियों में उत्साह था, परंतु जब 1 फरवरी को वित्त मंत्री जी ने बजट पेश किया तो सभी व्यापारी निराश से लग रहे थे, क्योंकि ज्यादातर व्यापारी 12 लाख की सेल्ब में नहीं आते हैं। अतः व्यापारियों का कहना था कि इस सरकार ने मध्यम व्यापारियों का ध्यान बिल्कुल नहीं रखा है। बजट में हर वर्ग के लिए कुछ न कुछ विचार अवश्य होना चाहिए। यदि आकलन किया जाए तो बजट से बड़े व्यापारियों को ही लाभ मिलेगा।

आज देश में महँगाई जिस स्तर से बढ़ी है उस स्तर से व्यापारियों की आय नही बढ़ रही है। इस समय सरकार को यह सोचना चाहिए कि व्यापारियों की इस समस्या को दूर कैसे करें। कुछ व्यापारी इस बजट की तारीफ कर रहे हैं। फिलहाल, अभी जनवरी माह बीत गया एवं फरवरी में भी काम गति नहीं पकड़ रहा है। इस माह गत वर्षों में काम की रफ्तार अच्छी बढ़ती थी, परंतु इस वर्ष नहीं बढ़ी। यहीं कारण है कि यहाँ दुकानदार बड़े मूल्यों पर कपड़ा नहीं खरीद रहे हैं।

asharfi®
FABRICS
A Royal Product for Royal Class

Manufacturer of unique combos in Industry

PEOPLES CHOICE
HELD AT VARIOUS CONFERENCES 2023-2024

SCAN FOR CATALOGUE



Combos / Safaris / Suit Lengths / Ethnics

Currently Working With Some Leading Wholesalers & Distributers Across India

Asharfi Fabrics Pvt. Ltd.

**For Trade Enquiry**: - Call -**87088-98361, 92540-41864**

Website: www.asharfi.in | E-mail:customercare@asharfi.in | Panipat, Haryana ( 132103) Follow Us on :-

Postal Registration No BHILWARA/208/2024-2026 RNI Registration No. 71772/98

# बजट के बाद कपड़ों में ग्राहकी बढ़ने का अनुमान

**मुम्बई /रमाशंकर पाण्डेय**

फिनिश कपड़ों में दमदार ग्राहकी नहीं होने से बाजार में हलचल कम है। खरमास और साउथ में पोंगल वैकेशन समाप्ति के साथ वैवाहिक सीजन का दौर शुरू हो गया है। नेशनल गारमेंट फेयर का प्रभावशाली असर बाजार पर नहीं दिखाई दिया है। स्कूल यूनिफॉर्म कपड़ों में कामकाज अभी तक शुरू नहीं हुआ है। स्कूल यूनिफॉर्म उत्पादकों की मुहिम शुरू है, फिर भी कामकाज में गतिशीलता का अभाव है। गरमी में चलने वाले कपड़ों में ग्राहकी का इंतजार है। कॉटन यार्न में तेजी का माहौल है, परंतु सूती ग्रे कपड़ों के भाव स्थिर है। माना जा रहा है कि एक फरवरी को आम बजट पेश होने के बाद कपड़ों में कामकाज बढ़ेगा।

गारमेंट एवं कपड़ों का निर्यात बढ़ाने की सरकार की मंशा को देखते हुए इस बजट में टेक्सटाइल के लिए आवंटन राशि बढ़ाए जाने का अनुमान है। अमेरिका में सरकार बदलने के बाद ट्रम्प की नई सरकार का रूख भारत से किए जाते आयात को लेकर अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। बांग्लादेश के मौजूदा संकट से निश्चित तौर पर भारत के गारमेंट निर्यातकों को फायदा हो रहा है। गारमेंट की नामचीन एवं बड़ी उत्पादन इकाइयों में विदेशी ब्राण्डों एवं चेन समुहों का ऑर्डर बढ़ रहा है। इस ऑर्डर पर विपरीत असर होने पर कपड़ा उद्योग तेजी से आगे बढ़ेगा। कारोबारियों का कहना है कि बाजार में ग्राहकी कम है, परंतु उम्मीद है कि आगे कपड़ों में कारोबार अच्छा रहेगा। मिलों की सेल्स टीमों को देसावरी मण्डियों से नई विकसित वैरायटी में अच्छे प्रतिसाद मिले हैं। मौसम में बदलाव आने के साथ आगामी सीजन अच्छा रहने का अनुमान है। सोबर शर्टिंग की लंबी रेंज बाजार में उतारी गई है। साथ ही शर्टिंग में अनेक डिजाइनों के फैंसी आइटम जिसमें मल्टी कलर्स चैक्स, स्ट्राइप्स, प्लेन इत्यादि शामिल है। शादियों के साथ ईद को ध्यान में रखते हुए कपड़ों के नये कलेक्शन बाजार में आ जाने से थोक एवं रिटेल में कारोबार बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।

खरमास बीतने के साथ विवाह, सगाई एवं अन्य धार्मिक कार्य शुरू हो गए हैं। वैवाहिक सीजन के इस दौर में जुलाई-अक्टूबर चार माह को छोड़कर हर माह शादियों के लिए विशिष्ट मुहूर्त हैं। ज्योतिषियों के अनुसार वर्ष 2025 में लगभग 75 शुभ मुहूर्त है। हिंदू धर्म में विवाह 16 संस्कारों में माना जाता है। जनवरी से जून तक का दौर कपड़ा बाजार के लिए संजीवनी का कार्य कर सकता है। उसके बाद जुलाई से अक्टूबर तक विवाह का कोई मुहूर्त नहीं है, परंतु नवम्बर और दिसम्बर में फिर से विवाह के लिए योग बन रहा है। जनवरी में 10, फरवरी में 15, अप्रैल में 9, मई में 15, जून में 5, नवम्बर में 14 और दिसम्बर में 3 शुभ मुहुर्त है।

### नया डवलपमेण्ट तैयार

कपड़ा उत्पादकों के बीच मानों नई वैरायटी मार्केट्स में उतारने की होड़-सी मची हुई है। मिलों की वैरायटी के साथ प्रोसेस्ड कपड़ों में गुणवत्ता और नये फैशनेबल कपड़ों की बिक्री अधिक से अधिक शादियों की इस सीजन में करने की लगती है। एथनिक फैब्रिक्स की बिक्री बढ़ने की उम्मीद से कारोबारियों का रूझान ऐसे फैब्रिक्स की ओर अधिक है। डिजाइनर सूटिंग के नये डवलपमेण्ट छा गए है। सूटिंग-शर्टिंग की डिमाण्ड धीरे-धीरे जोर पकड़ रही है। शर्टिंग में गरमी की सीजन के लिए कॉटन शर्टिंग और प्रिंटेड शर्टिंग पर फिलहाल व्यापारियों का स्टॉक करने पर जोर है। इसी तरह की स्थितियां सलवार को लेकर है। साड़ियों की बिक्री का यह सबसे अच्छा सीजन चल रहा है। इसमें हल्के से लेकर मीडियम रेंज और ऊँची कीमत की साड़ियों में कारोबार अच्छा हो रहा है। इस समय बाजार में साड़ियां नई वैरायटी में अधिकतर कैटलॉग बॉक्स पैकिंग में मिल रही है। सूरत की सिंथेटिक साड़ियों के साथ कॉटन प्रिंटेड साड़ियों की मांग खुलनी शुरू हो गई हैं। कॉटन साड़ियों का बाजार कम हो रहा है, जबकि सिंथेटिक का बढ़ रहा है।












# रिटेल मांग तथा निर्यात ऑर्डर सुधरने से गारमेंट उत्पादन में तेजी

**मुम्बई/ रमाशंकर पाण्डेय**

गारमेंट में ग्राहकी ठीक है। मांगलिक एवं वैवाहिक सीजन शुरू होने के बाद गारमेंट के सभी खण्डों में फिर से हलचल बढ़ी है। यद्यपि खरमास में गारमेंट की बिक्री में कुछ ठहराव आ गया था। अब जेंट्स एवं लेड़ीज परिधानों के साथ चिल्ड्रन वियर में गरमी के कॉटन और पीवी की वैरायटी में पूछताछ अच्छी बताई जा रही है। जींस, शर्ट, पेंट, फैंसी कुर्त्ता-पायजामा, शेरवानी, बच्चों के परिधानों और पार्टी वियर में कारोबार सुधरने लगा है। नई वैरायटी के साथ वैवाहिक सीजन में सर्वाधिक बिकते परिधानों में रिटेलर्स की मांग बढ़ी है। ग्राहकों की पसंद बाजार में आ रही गारमेंट की नई वैरायटी में अधिक है। रिटेल में कारोबार बढ़ने के आसार है। आरामदायक पहनावा और स्पोर्ट्स के लिए पहना जाने वाला एथलेजर मॉडर्न कपड़ों का इस्तेमाल कर बना आजकल का एक फैशन स्टाइल है। इन कपड़ों की डिजाइन इस तरह से की गई है कि इसे जिम या स्पोर्ट्स एक्टिविटी के साथ रोजमर्रा के काम जैसे कि दोस्तों से मिलने, शॉपिंग करने अथवा कैजुअल आउटिंग के दौरान पहन सकते हैं। यह कम्फर्ट और स्टाइल दोनों को जोड़ता है। आज के व्यस्त जीवन में लोग ऐसे कपड़ें पसंद करते हैं, जो एक से ज्यादा कामों के लिए उपयुक्त हो। इस तरह के कपड़ों में टी-शर्ट, लैगिंग्स, योगा पेंट, ट्रेक पेंट, जॉगर्स, हुडी और स्नीकर्स जैसे कपड़ें शामिल है, जो हल्के होते है। कॉटन यार्न सहित सिंथेटिक यार्न और पीसी इत्यादि में हाल ही वृद्धि का ट्रेंड दिखाई दे रहा है। यार्न में ऐसी तेजी बनी रही तो कपड़ों की उत्पादन लागत बढ़ेगी, फिर कपड़ों के भाव बढ़ेंगे। अभी कपड़ों की मांग धीमी है और साथ ही वीविंग इकाइयों में उत्पादन कम हो रहा है। वीवर्स उत्पादन का दायरा बढ़ाने के बदले सीमित करके कपड़ों को लागत अथवा उसे कुछ कम ज्यादा पर बेंच रहे हैं। कपड़ों की लागत भी अधिक नहीं बढ़ी है, लेकिन जिन कपड़ों के भाव बढ़े हैं उनका सौदा कम हो रहा है। यदि कॉटन यार्न के साथ दूसरें यार्न के भाव में वृद्धि की रफ्तार यहीं रही तो समर सीजन के लिए फिनिश कपड़ों के भाव बढ़ना सुनिश्चित है।

गारमेंट के सभी खण्डों में ग्राहकी बढ़नी शुरू हो गई हैं। साथ ही कारखानों में गारमेंट कपड़ों की मांग थोड़ी सुधरी है। विदेशों से निर्यात मांग अच्छी होने से गारमेंट इकाइयों में उत्पादन बढ़ रहा है। एपेरल एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल के अनुसार चालू वित्त वर्ष में अप्रैल से दिसम्बर तक की अवधि में देश से एपेरल का निर्यात 11.6 प्रतिशत बढ़कर 11.31 अरब डॉलर हो गया है। यूएस, यूके, जर्मनी जैसे बाजारों में अच्छा निर्यात कारोबार होने और बांग्लादेश में राजनीतिक संकट के कारण देश से गारमेंट का निर्यात बढ़ा है। निर्यात में सक्रिय इकाइयों में ऑर्डर बढ़ रहा है। स्प्रिंग एवं समर सीजन की ग्राहकी अच्छी रहने से उत्पादन में तेजी की संभावना है।






# हिन्दुस्तान चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा बजट परिचर्चा आयोजित

**मुम्बई**

वर्ष 2025-2026 के केन्द्रीय बजट प्रावधानों के विश्लेषण हेतु हिन्दुस्तान चेम्बर ऑफ कॉमर्स ने 3 फरवरी 2025 को बजट परिचर्चा का आयोजन किया। महानगर के प्रख्यात कर सलाहकार श्री शंकरलाल जैन ने उपस्थित सदस्यों को बजट में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष करों में हुए बदलावों को सरल भाषा में अवगत कराया। खासकर टेक्सटाइल क्षेत्र के बारे में विस्तृत जानकारी दी। चेम्बर के अध्यक्ष श्री सुशील गाड़िया एवं संरक्षक श्री बैजनाथ रूँगटा ने श्री शंकरलाल जैन का सत्कार किया। सम्मानीय मंत्री श्री महेन्द्र जैन ने परिचर्चा का संचालन किया एवं श्री अमृतजी खिवेंसरा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित प्रमुख व्यापारीगण श्री अनुराग पोद्दार, श्री सुनील गाड़िया, श्री अशोक पारेख, श्री सुरेन्द्र गाड़िया सहित कई व्यापारियों ने बजट के बारे में प्रश्न किए, जिनके संतोषजनक समाधान मुख्य वक्ता ने किए।




## दिल्ली कपड़ा: विधानसभा चुनाव से कारोबार प्रभावित

# आगामी दिनों में मांग आने की संभावना

**नई दिल्ली /राजेश शर्मा**

हाल ही में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव के कारण दिल्ली कपड़ा बाजार में कारोबार प्रभावित हुआ, लेकिन जानकारों का कहना है कि आगामी दिनों में अच्छी मांग निकलने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि आचार संहिता लागू होने के कारण व्यापारी नकदी लेकर आने-जाने में डर रहा था। व्यापारियों का कहना है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के कारण कारोबार प्रभावित हुआ, लेकिन आगामी दिनों में कपड़े की अच्छी मांग निकलने का अनुमान है। हालांकि विगत दिनों में वैवाहिक सीजन की मांग रही, लेकिन वह व्यापारिक अनुमानों की तुलना में कम रही। व्यापारियों के अनुसार मौसम चक्र में परिवर्तन भी कारोबार को प्रभावित कर रहा है, क्योंकि इस वर्ष सर्दी देर से आई और फिर गर्मी ने सताना आरंभ कर दिया तथा जनवरी में तापमान सामान्य से अधिक रहा एवं फरवरी में भी लगभग यहीं स्थिति रहने की संभावना है। व्यापारियों का कहना है कि इससे विंटर सीजन की मांग सिमटकर सीमित रह गई है।

जानकारों के अनुसार विगत दिनों जो बुकिंग की गई थी, उसका माल बाजार में आने लगा है। कुछ व्यापारियों का कहना है कि अब खुदरा या थोक व्यापारियों की रूचि बुकिंग में कम होती जा रही है। मिलें भी अब बुकिंग से हिचकती हैं। व्यापारियों के अनुसार वैसे भी अब दिल्ली बाजार में कारोबार सिमट केवल कुछ समय का ही रह गया है और विंटर या समर सीजन जैसी बात समाप्त होती जा रही है। जानकारों का कहना है कि रेडीमेड का कारोबार बढ़ने से काउंटर पर कपड़े की कटत कम होती जा रही है। व्यापारियों के अनुसार अब दिल्ली थोक बाजार के विस्तार में ठहराव आ गया है और नई दुकानें कम ही आरंभ हो रही हैं। इसका प्रमुख कारण आसपास के क्षेत्रों में थोक मार्केट्स की स्थापना है। जीएसटी के कारण भी दिल्ली थोक बाजार में कारोबार प्रभावित हो रहा है।

बाजार में धन की तंगी बराबर बनी हुई है और अक्सर भुगतान देरी से आ रहा है। आलोच्य पखवाड़े के दौरान सूटिंग-शर्टिंग के कारोबार में कुछ सुधार हुआ, जबकि वैवाहिक सीजन होने से लहंगा, वैवाहिक गाउन, सिंथेटिक साड़ियों की मांग बेहतर हुई है। कॉटन आयटमों की मांग भी अच्छी रही लेकिन ऑनलाइन कारोबार बढ़ने से लेड़ीज सूटों की मांग कुछ बढ़ रही है। व्यापारियों का कहना है कि सिंथेटिक सूटिंग में कारोबार साधारण है तथा विगत दिनों जिन मिलों या थोक व्यापारियों ने जो बुकिंग की उसकी चालानी हो रही है। जानकारों के अनुसार रेमंड, ग्राडो, डोनियर, सियाराम, दिग्जाम आदि की मांग में सुधार हुआ है। सूटिंग में हालांकि परम्परागत रंगों की मांग बनी हुई है, लेकिन पेस्टल और लाइट कलर्स की मांग भी आ रही है। जैकेट आदि में लाइट कलर्स की मांग है। जानकारों के अनुसार सूरत में निर्मित स्ट्रेच फैब्रिक की अच्छी मांग बनी हुई और यह कपड़ा अधिकतर रिटेलर्स एंड ड्रेपर्स खरीदते हैं तथा इस फैब्रिक के सूट बनाकर बेचे जा रहे हैं। जानकारों का कहना है कि इस फैब्रिक ने वूलन सूटिंग की मांग को सीमित कर दिया है। विंटर सीजन होने के बावजूद अब वूलन फैब्रिक की मांग लगभग नगण्य बनी हुई है। व्यापारियों का कहना है कि अब विंटर सीजन केवल नाम का ही रह गया है। कॉटन सूटिंग में कारोबार सीमित है, लेकिन आगामी सीजन अच्छा रहने का अनुमान है।

स्कूल यूनीफॉर्म के लिए भी कुछ पूछ-परख आने लगी है। कॉम्बो पैक की मांग में कुछ सुधार हुआ है, लेकिन इनकी बिक्री भी अब साड़ियों की दुकानों पर अधिक हो रही है। सूटिंग की दुकानों पर इनकी मांग सीमित है और जो मांग है वह अच्छी क्वालिटी के जोड़ों की आ रही है। शर्टिंग की मांग में सुधार हुआ हैं, क्योंकि अब जल्दी ही समर सीजन की मांग आनी आरंभ हो जाएगी। कॉटन के अतिरिक्त खादी, पीसी आदि की मांग अच्छी रहने का अनुमान है। व्यापारियों का कहना है कि जेंट्स में एथनिक आयटमों का चलन दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है और अनेक निर्माता इस प्रकार के फैब्रिक को तैयार कर रहे हैं। व्यापारियों के अनुसार यह एक नया सेगमेंट जुड़ा है तथा इसके विस्तार की काफी संभावनाएं नजर आ रही हैं। सीजन आरंभ होने से वैवाहिक साड़ियों में कारोबार कुछ सुधरा है। जानकारों के अनुसार लहंगा, चुन्नी की मांग है। महिलाओं में अब वेस्टर्न ड्रेस का चलन बढ़ रहा है तथा लाइट कलर्स की मांग अधिक आ रही है। उल्लेखनीय है कि अभी तक केवल चटख रंगों की मांग आती थी, लेकिन अब लाइट कलर्स के आयटम अधिक मांगे जा रहे हैं, यहां तक कि सफेद रंग पर प्रिंट की मांग भी आ रही है।

सिंथेटिक साड़ियों में लाइट कलर और सोबर डिजाइन की मांग है। कॉटन आयटमों की मांग कमजोर पड़ती जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि गत वर्ष कॉटन आयटम काफी तेज हो गए थे, लेकिन इस वर्ष भाव कुछ नरम ही हुए हैं। जानकारों का कहना है कि क्वालिटी अच्छी और रेट वाजिब होने के कारण नारायण ब्राण्ड कॉटन साटिन, रेयॉन का अच्छा बना हुआ है। टू बाई टू रूबिया की मांग सीमित हो गई है और ग्राहक फैंसी ब्लाउज मटीरियल मांग रहा है। व्यापारियों कहना है पिछले कुछ समय से लेडीज सूटों का कारोबार भी ऑनलाइन की ओर डाइवर्ट हो रहा है। रिटर्न की सुविधा होने के कारण अब उपभोक्ता कुर्ती, सूट आदि ऑनलाइन अधिक खरीदने लगा है। इससे लेडीज सूटों और ड्रेस मटीरियल की मांग प्रभावित हो रही है। व्यापारियों का कहना है कि आगामी समर सीजन में कॉटन के लेडीज सूट की अच्छी मांग रहने की संभावना है।

# भारत टेक्सटाइल्स, गारमेंट निर्यात का छठा सबसे बड़ा निर्यातक : आर्थिक सर्वेक्षण

**नई दिल्ली/ राजेश शर्मा**

देश के टेक्सटाइल्स और गारमेंट उद्योग का देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा महत्त्व है तथा भारत का विश्व के टेक्सटाइल्स और गारमेंट निर्यात में छठा स्थान होने के साथ ही यह सेक्टर देश में सबसे अधिक रोजगार दे रहा है तथा वर्तमान परिस्थितियां इस सेक्टर के लिए अनुकूल बनी हुई हैं। यह बात विगत दिनों संसद में पेश किए गए 2024-25 के आर्थिक सर्वेक्षण में कही गई है।

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारत ने 2023 में 34 बिलियन डॉलर मूल्य के टेक्सटाइल तथा गारमेंट का निर्यात किया गया और विश्व में टेक्सटाइल तथा गारमेंट के निर्यातक देशों में छठे पायदान पर रहा। इस निर्यात में 42 प्रतिशत अंशदान गारमेंट का था, जबकि बाद में कच्चे-सेमी फिनिश्ड का योगदान 34 प्रतिशत रहा तथा गैर-गारमेंट आयटमों का योगदान 30 प्रतिशत था। इसका कहना है कि देश के कुल निर्यात में गारमेंट निर्यात का 66 प्रतिशत निर्यात केवल यूरोप और अमेरिका को किया गया। इसके बाद यूके को 8 प्रतिशत भाग, जबकि यूएई को 7 प्रतिशत निर्यात किया गया।

सर्वेक्षण का कहना है कि यह सेक्टर देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी), औद्योगिक उत्पादन और निर्यात में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है। इसका कहना है कि यह क्षेत्र सबसे अधिक रोजगार देने वाले क्षेत्रों में से एक है, जिसमें 450 लाख से अधिक रोजगार दे रहे, जिसमें महिलाएँ और ग्रामीण आबादी शामिल हैं। इस सेक्टर की अधिकांश क्षमता (लगभग 80 प्रतिशत) देश के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम समूह है।

सर्वेक्षण के अनुसार कोविड-19 की अवधि यानि वर्ष 2020 से 2022 के दौरान देश से टेक्सटाइल्स और गारमेंट के निर्यात में उतार-चढ़ाव आते रहे हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि भारत में टेक्सटाईल्स और गारमेंट सेक्टर का विश्व स्तरीय होने के साथ परिवर्तन करने में अधिक समय नहीं लगता है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि पीएम मित्रा के माध्यम से तैयार किए गए टेक्सटाइल पार्क, प्लग एंड प्ले (जिसे तुरंत आरंभ किया जा सकता है) के समान विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर है

शेषांश पृष्ठ 8 पर...

स्वत्वाधिकारी एसएसएस मीडिया पब्लिकेशन्स (प्रा.) लि. की तरफ से मुद्रक एवं प्रकाशक योगेन्द्र शर्मा के लिए डी.बी. कॉर्प लि., 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड़, जयपुर) से मुद्रित एवं सी-127, आर.के. कॉलोनी, भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक-योगेन्द्र शर्मा।

FABEXA® AHMEDABAD FABRIC SOURCING EXPO EDITION X
7 से 21 फरवरी, 2025
SINCE 1998
टेक्सटाइल वर्ल्ड Corporate
Bharat TEX 2025
TEXTILES | FASHION | SUSTAINABILITY
14-17 FEB. 2025 | DELHI

*because textiles are the pride of Ahmedabad*

**11th – 14th MAY, 2025**

**HELIPAD GROUND, GANDHINAGAR, GUJARAT**

FABEXA® AHMEDABAD
FABRIC SOURCING EXPO
EDITION X

# EXPERIENCE THE NEXT EVOLUTION IN TEXTILES



**TECHXTILE**
INNOVATIVE . COLLABORATIVE . VERSATILE

**AW 25 & SS 26 Collection**
**Fashion Show**
**Fast-track Entry**
**Premium Lounge**

ko-graph

SCAN TO REGISTER

fabexa.in

FOR REGISTRATION
**98250 50993**

ORGANISED BY:
MASKATI CLOTH MARKET MAHAJAN,
NEW CLOTH MARKET, AHMEDABAD

Maskati Cloth Market Mahajan Ahmedabad
Since - 1906


BELIEVE.
ACHIEVE.
SUCCEED.
SHIRTING
Y/D CHECKS • PRINT • PLAIN • DOBBY • CORDUROY • DENIM
LINEN • DIGITAL PRINT • MILL MADE FABRICS
SUITING
PLAIN COTTON FABRIC • DOBBY • BRUSHED FABRIC • CORDUROY
PRINTED FABRICS • MILL MADE FABRICS
LADIES MATERIAL
RAYON • MUSLIN SILK • MODAL CHANDERI • 100% COTTON
COTTON FLEX (LINEN) • COTTON SATIN • RAYON LYCRA
WWW.SHASWATTEXTILES.COM
SHĀSWAT®
TEXTILES PVT LTD
Hall No. - H5G. Ground Floor
Stall No. 5G -E1 / E2
Bharat tex 2025
Global Textile Expo
TEXTILES
FASHION
SUSTAINABILITY
14th to 17th February
New Delhi


ANJALI
TEXTILE MILLS
FABRICS MADE TO PERFECTION
वस्त्र मंत्रालय
MINISTRY OF TEXTILES
Manufacturers of Shirting and
Semi-Suiting Fabrics.
Bharat tex 2025
Global Textile Expo
New Delhi | Feb 14-17
TEXTILES
FASHION
SUSTAINABILITY
Hall 5 (Ground Floor)
Exhibit D4
Address- 277(Maliya), New Cloth Market, Sarangpur, Ahmedabad- 380002
Contact- 9913686357
Email- agrawaldhruv.da@gmail.com


MF
Since 1999
EXCLUSIVE SHIRTING
FABRICS
Fabric that
created our style
Shree Mahavir Fabrics Manufacturing Co.
#112, Ground Floor, New Cloth Market, Raipur, Ahmedabad-02, Office Mob.: 70696 60366
Mob.: 98257 83040, 94278 01175, Email: mahavirfab1999@gmail.com


MAHADEV®
INNOVATE · EXCEL · IMSPIRE
FABRICS THAT
MAKE YOUR FEEL fab !
FINE FABRIC VARIETIES
ADVANCED DYEING TECHNIQUES
YARN RANGE
STRETCH OPTIONS
Head office : Block-E, Shop No.2 & 8 Sumel Business Park-1,
B/H. New Cloth Market Ahmedabad - 380 002.
WE AWAIT YOUR PRECIOUS
PRESENCE AT OUR STALL
Bharat tex 2025
Global Textile Expo
New Delhi | Feb 14-17
HALL H5G
STALL NO. E4
BHARAT MANDPAM,
NEW DELHI
www.shreemahadevtex.in


THE FASHION OF WHAT'S NEXT
EX EXCELLENCE EXPERIENCE EXPOSURE
FABEXA AHMEDABAD
The art & heart of fashion
BHAVNA™
We weave fashion
DESIGNER SHIRTING FABRIC &
ALL KIND OF KNITTING FABRIC
BHAVNA FABRIC
#236, New Cloth Market, O/S Raipur Gate, Ahmedabad
Mob.: 90990 03894 | 98795 34436
Email: bhavnafabric@gmail.com


NAKODA FASHION
Mfgrs. of Suiting Shirting & Prints
New COLLECTION
Source the latest trends in
suiting, shirtings, denim,
dress materials, knitted fabrics
& all types of RMG materials
for the upcoming season
World Class Fashion Fabrics
WE'RE NOW ON
MOBILE
Download Nakoda Fashion App
SCAN FOR DOWNLOAD
Google Play
App Store
Checkout our latest fabrics
range on your fingertips
NAKODA FASHION PVT. LTD.
B-80 to 100, Ground Floor, City Centre - 2, B/h. Safal 3,
Raipur, Ahmedabad - 380 002. (INDIA)
E-mail : nakodafashion@yahoo.co.in
www.nakodafashion.in
Checkout our latest products
Place online orders
Track your Order status
Track Delivery and Return

# FABEXA FABRIC SOURCING EXPO 10TH EDITION ANNOUNCED

## 11-14 मई 2025 को हेलीपेड ग्राउण्ड, गांधीनगर में होगा आयोजन

**अहमदाबाद** / देश-विदेश के रेडीमेड गारमेंट निर्माताओं के लिए फैब्रिक सोर्सिंग के सबसे महत्त्वपूर्ण आयोजन FABEXA - Fabric Sourcing Expo कपड़ा व्यवसायियों के सबसे पुराने एवं मजबूत संगठन 'मस्कती क्लॉथ मार्केट महाजन' (MCMM), अहमदाबाद द्वारा हर साल कराया जाता है। MCMM ने इसकी शुरूआत Farm to Fashion एग्जीबिशन से की थी। दो एडीशन Farm to Fashion करने के बाद MCMM के प्रेसीडेंट श्री गौरांग भगत के प्रयासों से फैबेक्सा कमेटी का गठन कर FABEXA - Fabric Sourcing Expo का आगाज किया। जिसके MCMM द्वारा अब तक अहमदाबाद, मुम्बई, दिल्ली आदि मण्डियों में 9 संस्करण का सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। इस बार MCMM के प्रेसीडेंट श्री गौरांग भगत एवं कोषाध्यक्ष श्री बाबूलाल सोनीगरा के नेतृत्व में फैबेक्सा कमेटी के युवा चैयरमेन श्री अमीष शाह, कॉ-चैयरमेन श्री सोनू टेकवानी एवं सेक्रेटरी श्री अंकित सेठ ने अहमदाबाद टेक्सटाइल उद्योग की प्रगति के लिए FABEXA - Fabric Sourcing Expo के 10th एडीशन की 11-14 मई 2025 को हेलीपेड ग्राउण्ड, गाँधीनगर में करने की घोषणा कर दी है।

श्री गौरांग भगत ने कहा कि फैबेक्सा एग्जीबिशन के अब तक हुए सभी संस्करणों की शानदार सफलता से अहमदाबाद टेक्सटाइल मण्डी की देश-दुनिया में शाख बढ़ी है। यहाँ के युवा उद्यमियों की मेहनत एवं लगन से अहमदाबाद में गारमेंट फैब्रिक उत्पादन में बड़े पैमाने पर वृद्धि हुई है। मेन्स, वूमेंस एवं किड्स गारमेंट निर्माताओं के लिए अहमदाबाद अब फैब्रिक खरीदी का विश्वसनीय केंद्र बन चुका है।





### मेन्स, वूमेंस एवं किड्स गारमेंट्स निर्माताओं के लिए वन स्टॉप सोल्युशन

FABEXA -Fabric Sourcing Expo ऑल टाइप गारमेंट मैनयुफेक्चरर्स के लिए फैब्रिक सोर्सिंग का प्रमुख सेंटर बन चुका है। मेन्स, वूमेंस एवं किड्स गारमेंट निर्माताओं के लिए Fabexa में सूटिंग-शर्टिंग, डेनिम, ड्रेस मटीरियल, निटेड एवं ऑल टाइप फैब्रिक्स के निर्माताओं द्वारा भव्य डिस्प्ले किया जाएगा। एक्सपो में अहमदाबाद सहित मुम्बई एवं अन्य फैब्रिक उत्पादक मण्डियों के टॉप सप्लायर्स द्वारा आगामी सीजन के लिए नये-नये डवलपमेंट्स पेश किए जाएंगे।

### गारमेंट फैब्रिक सोर्सिंग का सबसे बड़ा प्लेटफॉर्म बना FABEXA

MCMM द्वारा FABEXA -Fabric Sourcing Expo के 10th एडीशन की 11-14 मई 2025 को हेलीपेड ग्राउण्ड, गाँधीनगर (अहमदाबाद) में करने की घोषणा करते ही 100 से अधिक स्टॉल्स बुक हो गए। श्री बाबूलाल सोनीगरा ने बताया कि पूर्व में आयोजित Fabexa -2024 की अभूतपूर्व सफलता से स्थानीय युवा उद्यमियों में नया जोश देखने को मिला था। इसलिए इस साल Fabexa के 10th एडीशन की घोषणा का स्वागत करते हुए गारमेंट फैब्रिक सप्लायर्स ने बड़ी संख्या में स्टॉल्स बुक कराये हैं।

### देश-विदेश के गारमेंट निर्माताओं को आमंत्रित करेंगे

FABEXA- Fabric Sourcing Expo की अब ग्लोबल पहचान बन चुकी है। विगत वर्षों में देश-विदेश के गारमेंट निर्माताओं एवं एक्सपोर्ट हाउसेज ने शिरकत की है। इसलिए फैबेक्सा की आयोजक टीम रेडीमेड गारमेंट क्षेत्र के टॉप ब्राण्ड्स, कॉर्पोरेट सप्लायर्स, एक्सपोर्टर्स, ट्रेडर्स, एजेंट्स, बड़े बाइंग हाउसेज आदि को बड़ी संख्या में आमंत्रित करेंगी। अनुमानित 15000 से अधिक व्यापारी Fabexa में शिरकत करेंगे। Fabexa कमेटी की ओर से आमंत्रित व्यापारियों के लिए ट्रेवलिंग टिकट (एयर एवं रेल्वे) सहित लग्जरी होटल स्टे एवं एग्जीबिशन वैन्यू तक आने जाने के लिए गाड़ियों की व्यवस्था की जाएगी। कमेटी की ओर से बताया गया कि व्यापारियों को गाँधीनगर स्थित गिफ्ट सिटी में स्टे दिया जाएगा तथा एग्जीबिशन एरिया में खानपान की विशेष सुविधा दी जाएगी।

### गारमेंट निर्माता कर सकेंगे AW -2025 एवं SS -2026 की तैयारी

Fabexa में गारमेंट फैब्रिक निर्माता आगामी सीजंस के लिए नये-नये फैब्रिक इनोवेशंस प्रस्तुत करेंगे। कहा जाता है कि मई महीना रेडीमेड गारमेंट निर्माताओं के लिए फैब्रिक सोर्सिंग का सर्वोत्तम समय माना जाता है, क्योंकि मुम्बई, अहमदाबाद, बैंगलुरू, कोलकाता, इंदोर आदि शहरों में जुलाई एवं अगस्त माह में रेडीमेड गारमेंट्स की बड़ी एग्जीबिशंस आयोजित होती है। जिनमें रेडीमेड गारमेंट निर्माताओं को इन एग्जीबिशंस में नये परिधान प्रस्तुत करने होते हैं। ऐसे में मई महीना गारमेंटरर्स के लिए फैब्रिक खरीदी का सही समय है, इसलिए Fabexa एग्जीबिशन का आयोजन 11-14 मई 2025 को किया जा रहा है।

FABEXA AHMEDABAD FABRIC SOURCING EXPO EDITION X

# OUR ESTEEMED EXHIBITORS

11th - 14th MAY, 2025
HELIPAD GROUND, GANDHINAGAR, GUJARAT

| COMPANY NAME | MOB. NO. | COMPANY NAME | MOB. NO. |
|---|---|---|---|
| NAKODA FASHION PVT LTD | 9825039159 | CHANDERMAULI | 9099951557 |
| SHASWAT TEXTILES PVT LTD | 9825048189 | ANJALI TEXTILE MILLS | 9913686357 |
| ARHAM FABRICS (SANTOSH ENTERPRISE) | 9327006492 | APPLE CORP. LTD | 8140388899 |
| ARIHANT SYNTEX | 9376100813 | KEDAR TEXTILE MILLS | 9824640566 |
